हरिभूमि
मालवा भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, गुरुवार 8 अक्टूबर 2026
[देवास | शाजापुर | शुजालपुर | कालापीपल| नलखेड़ा | कानड़ | आगर मालवा | ललितपुर| मंदसौर]

04 पटवारियों की रैली, कलेक्टर परिसर में दिया धरना, दंडात्मक कार्रवाई ...



07 संकल्प सभा कर विकसित भारत संकल्प ज्योति यात्रा शुरू की



खबर संक्षेप में

भानपुरा के कर्मचारी काम पर लौटे, आरोपी के विरुद्ध प्रकरण दर्ज

भानपुरा /मंदसौर। नगर परिषद भानपुरा के सहायक राजस्व निरीक्षक सुरज पिता पूनमचंद पाटीदार के साथ कार्यालयीन समय 11:45 बजे प्रदीप जीनगर पिता चन्द्रशेखर जीनगर द्वारा किसी काम को लेकर अभद्रता पुर्ण व्यवहार किया। गाली गलौच कि व शासकीय कार्य में अवरोध पैदा किया। विरोध स्वरूप नगर परिषद के सभी कर्मचारियों ने कामकाज बंद कर नगर परिषद कार्यालय को बन्द कर धरना दे दिया। ओर भानपुरा थाने पर एक पत्र दिया ओर कार्यवाही कि मांग कि इस पर नगर पालिका अधिकारी विनोद कुमार शर्मा ने थाना प्रभारी को लिखित पत्र देकर कार्यवाही कि मांग कि व सुरक्षा प्रदान करने कि मांग कि। थाना प्रभारी विनय बुंदेला ने जानकारी देते हुए बताया कि फरियादी सुरज पाटीदार कि रिपोर्ट पर आरोपी प्रदीप जीनगर के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता कि धारा 132,296(ख),351(3) में प्रकरण दर्ज किया। देर शाम प्रकरण दर्ज होने पर कर्मचारियों ने धरना प्रदर्शन बन्द किया,। ओर वापस बुधवार 7 अक्टूबर को काम पर लोट गये। विनय बुंदेला ने जानकारी देते हुए बताया कि अभद्रता पुर्ण व्यवहार,जान से मारने कि धमकी,गाली गलौच व शासकीय कार्य में बाधा पहुंचाने के लिए यह प्रकरण विभिन्न धाराओं में दर्ज किया है। नगर परिषद में कर्मचारियों द्वारा कार्य बंद कर नगर परिषद बंद किए जाने एवं धरना प्रदर्शन होने पर नगर परिषद अध्यक्ष विनोद शिव भानपिया, नेता प्रतिपक्ष श्रीनाथ उपाध्याय, पार्षद सुभाष बागड़ी, शीतल भूटानी, संतोष पाटीदार, रोडूलाल चारण, प्रवेश पनिहार आदि पहुंचे और कर्मचारियों के प्रति अपना पुरा समर्थन जताया और पुलिस व प्रशासन से कर्मचारियों को पुर्ण सुरक्षा देने की मांग की। पुलिस द्वारा देर शाम प्रकरण दर्ज होने के बाद नगर परिषद अध्यक्ष, प्रभारी मुख्य नगर पालिका अधिकारी एवं पर्षद गणों ने कार्य बंद कर नगर परिषद बंद कर धरने पर बेठे नगर परिषद के समस्त कर्मचारियों से धरना समाप्त कर कार्य पर लौटने का आग्रह किया इस पर समस्त कर्मचारियों ने धरना समाप्त कर काम पर लौट गए।

पापकर्म होने पर पश्चाताप व प्रायश्चित करो: विरलविजयजी

मन्दसौर। मनुष्य से जाने अनजाने में पापकर्म हो ही जाता है लेकिन यदि व्यक्ति से पापकर्म होने के बाद उसके मन में प्रायश्चित व पश्चाताप की भावना आती है तो पापकर्म का फल कम हो जाता है। जिसके जीवन में प्रायश्चित व पश्चाताप की भावना होती है वे पापकर्म के बंध को कम कर सकते हैं। जब पापकर्म होने पर व्यक्ति के मन से आंसू निकले तो उनके मन में पाप का जो मैल है वह कम हो जाता है तथा उनकी आत्मा पापकर्म से हल्की हो जाती है। इसलिये जीवन में पापकर्म होने पर पश्चाताप एवं प्रायश्चित के भाव रखो तथा पुनः ऐसा पापकर्म नहीं हो इसके लिये प्रत्याखान लो॥ उक्त उद्गार प. पू. जैन संत मुनिराज श्री विरलविजय जी म. सा. ने नई आबादी स्थित आराधना भवन में कहे। आपने बुधवार को इस धर्मसभा में कहा कि एक बार कोई पापकर्म हो जाये तो दोबारा नहीं करे तथा उसका पश्चाताप करे उसे इंसान कहते हैं लेकिन जो व्यक्ति पापकर्म होने पर मुस्कुराये तो उसे शैतान प्रवृत्ति का माना जाता है अर्थात पापकर्म करके प्रसन्न होने वाला पापकर्म का ऐसा बंध करता है जो कि उसे जन्मों तक भोगने पड़ते हैं। प्रत्येक मनुष्य का मन पापकर्म व पुण्यकर्म की दृष्टि से बच्चों की भांति होना चाहिये जो मामूली सी चॉकलेट पर लड़ लेते हैं लेकिन कुछ समय बाद फिर साथ में खेलने लगते हैं। दुष्ट प्रवृत्ति के जो लोग होते हैं वे बैर भावना से घिरे रहते हैं। यह बैर भावना ही दुःख व बार बार जन्म मरण का कारण है इसलिये बैर मत पालो। पश्चाताप व प्रायश्चित का भाव रखो।

सराफा एसोसिएशन ने पुलिस अधिकारियों और जवानों का किया सम्मान

लाखों की लूट की वारदात का खुलासा करने पर पुलिस की हुई सराहना

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

नगर में 16 माह पूर्व हुई लूट की एक बड़ी वारदात का पता लगाने वाली पुलिस टीम का नगर के सर्राफा व्यापारियों द्वारा समारोह पूर्वक सम्मान कर सभी का स्वागत किया। नगर के सर्राफा कारोबारी पारस सोनी जो गत 23 मई 2025 की रात करीब 09 बजे अपनी ज्वेलरी की दुकान बंद कर कर्मचारी दुर्गेश मीणा के साथ स्कूटी से घर जा रहे थे। उनके पास चांदी के जेवरात, सोने के जेवरात एवं नकदी रखी थी। मोदी तिराहा-बडलावदा रोड, जायसवाल कॉलोनी के पास पीछे से आई सफेद रंग की बिना नंबर की बोलेरो में सवार व्यक्तियों ने फरियादी के साथ मारपीट कर लाखों रुपए मूल्य के जेवरात एवं अन्य सामान लूट लिया। घटना की गंभीरता को देखते हुए थाना नलखेड़ा पुलिस द्वारा तत्काल प्रकरण दर्ज कर विवेचना प्रारंभ की गई थी।



लाखों रुपए मूल्य की हुई इस लूट का पता लगाने तथा लूटे गए माल की बरामदगी पर नगर के सर्राफा व्यापारियों द्वारा मंगलवार देर शाम को मां बगलामुखी मार्ग स्थित रेन बसेरा पर कार्यक्रम आयोजित कर एडिशनल एसपी रविंद्र कुमार बोयट, एसडीओपी सुसनेर देवनारायण यादव, नलखेड़ा थाना प्रभारी शशि उपाध्याय सहित अन्य पुलिस टीम का पुष्पहार के साथ मां बगलामुखी का चित्र व चुनर भेंट कर सभी को सम्मानित करते हुए स्वागत किया गया। कार्यक्रम में नगर के सर्राफा एसोसिएशन अध्यक्ष हीरालाल सोनी के साथ सभी सराफा व्यापारियों तथा अन्य संगठन से संबंधित व्यापारियों द्वारा भी बड़ी संख्या में भाग लिया गया।

प्रदेश सर्राफा एसोसिएशन भी करेगी सम्मानित



इस अवसर पर मध्य प्रदेश सराफा एसोसिएशन के सचिव देवीलाल सोनी आगर ने कहाकि पुलिस द्वारा जो माल की बरामदगी की गई है उसकी खुशी अभी अधूरी है। क्योंकि घटना में लुटे गए माल का अभी आधा ही पता लगा है आधा माल अभी आना बाकी है। उन्होंने इस अवसर पर बताया कि घटना के बाद म.प्र. सराफा एसोसिएशन द्वारा यह घोषणा की गई थी कि लूट की इस घटना का पता लगाने वाली पुलिस टीम को मध्य प्रदेश सराफा एसोसिएशन की ओर से भी सम्मानित किया जावेगा। उन्होंने उपस्थित पुलिस अधिकारियों से अनुरोध किया की लूटे गए माल की पूरी बरामदगी शीघ्र की जावे। ताकि संगठन की ओर से उनके सम्मान का भव्य समारोह आयोजित कर सभी को सम्मानित किया जावे। इस मौक पर श्री सोनी ने नलखेड़ा में एक और सर्राफा व्यापारी के यहां हुई डकैती की घटना में भी पूरे माल की अभी तक बरामदगी न होने की बात कहते हुए उक्त माल की भी शीघ्र बरामदगी करने की मांग पुलिस अधिकारियों से की।

8 आरोपियों की गिरफ्तारी के साथ 14.125 किलो चांदी की बरामद

गौरतलब है कि लूट की घटना के इस मामले में पुलिस द्वारा घटना के बाद से अभी तक कुल 8 आरोपियों की गिरफ्तारी के साथ 14.125 किलो चांदी के साथ दो बोलेरो वाहन बिना नंबर के भी जप्त किए गए हैं। लूट की इस वारदात का पूरी तरह पर्दाफाश करने में थाना प्रभारी शशि उपाध्याय की भूमिका काफी महत्वपूर्ण रही है।

सम्मानित होना पुलिस के लिए गर्व की बातः एडीशनल एसपी

व्यापारियों को संबोधित करते हुए एडीशनल एसपी श्री बोयट ने कहाकि हमारे जीवन में ऐसे अवसर बहुत कम आते है,जब कोई हमें सम्मानित करें। नलखेड़ा में हुई इस लूट की घटना के बाद पुलिस टीम ने पूरी तत्परता के साथ इस घटना का पर्दाफाश कर आरोपियों का पता लगाकर माल बरामद करने का प्रयास करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। आरोपियों की गिरफ्तारी कर उनके पास से लूटे गए माल की बरामदगी भी की गई। कुछ माल की बरामदगी अभी बाकी है। हमारा पूरा प्रयास रहेगा की घटना में गए माल का पूरी तरह पता लगाया जावे। एसडीओपी श्री यादव तथा थाना प्रभारी शशि उपाध्याय ने भी संबोधित करते हुए कहा कि पुलिस के लिए बड़ा हर्ष का विषय है कि उन्हें सर्राफा व्यापारियों द्वारा सम्मानित किया जा रहा है। आगे भी हमें ऐसे कार्य करते रहना चाहिए जिससे पुलिस का मनोबल बढ़े थाना प्रभारी श्रीमती उपाध्याय ने बताया कि घटना के बाद से नलखेड़ा थाने के थाना प्रभारी भी बदले हैं लेकिन उनके अनुभव के आधार पर हमने जांच मामले मे सफलता हासिल की।

धार्मिक मर्यादा व सुरक्षा पर जोर

नवरात्रि गरबा उत्सव को लेकर विहिप ने जारी की गाइडलाइन

मंदसौर। शारदीय नवरात्रि के पावन पर्व को देखते हुए विश्व हिन्दू परिषद एवं बजरंग दल जिला मंदसौर द्वारा गरबा आयोजनों की धार्मिक गरिमा, सुरक्षा, शुचिता एवं सनातन परंपराओं को बनाए रखने के उद्देश्य से विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। इस संबंध में जानकारी देते हुए विश्व हिन्दू परिषद जिला मंदसौर के जिला मंत्री हेमंत बुलचंदानी ने बताया कि गरबा आयोजकों एवं संबंधित प्रशासनिक अधिकारियों से आग्रह किया गया है कि नवरात्रि के दौरान आयोजित होने वाले गरबा कार्यक्रमों में धार्मिक मर्यादा, अनुशासन एवं सुरक्षा व्यवस्था का विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने कहा कि गरबा केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं, बल्कि माँ आदिशक्ति की आराधना एवं सनातन परंपरा से जुड़ा धार्मिक आयोजन है। इसलिए गरबा पांडालों में भारतीय संस्कृति एवं धार्मिक परंपराओं की गरिमा बनाए रखना आवश्यक है।

विहिप द्वारा सुझाए गए प्रमुख दिशा-निर्देश पहचान पत्र -गरबा पांडाल में प्रवेश से पूर्व प्रतिभागियों एवं दर्शकों के आधार कार्ड अथवा अन्य वैध पहचान पत्र की जांच की जाए। प्रवेश व्यवस्था-संगठन ने गरबा आयोजन स्थलों पर प्रवेश व्यवस्था को लेकर विशेष दिशा-निर्देश दिए हैं तथा आयोजकों से आग्रह किया है कि प्रवेश की उचित जांच व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। संगठन ने गरबा पांडालों में गैर-हिंदू व्यक्तियों के प्रवेश पर रोक की मांग भी रखी है। पारंपरिक वेशभूषा-गरबा रास में शामिल होने वाले युवक-युवतियों के लिए भारतीय पारंपरिक वेशभूषा-कुर्ता-पायजामा, धोती, चनिया-चोली, साड़ी एवं सूटकृको प्राथमिकता देने का आग्रह किया गया है। आयोजन की धार्मिक गरिमा के विपरीत वेशभूषा पर रोक की मांग की गई है। भक्तिमय संगीत-गरबा पांडालों में फिल्मी, अश्लील अथवा फूहड़ गीतों के स्थान पर माँ भगवती के भजन, पारंपरिक गरबा गीत एवं भक्तिमय संगीत बजाने का आग्रह किया गया है। सीसीटीवी एवं सुरक्षा व्यवस्था-प्रत्येक गरबा पांडाल के प्रवेश एवं निकास द्वार सहित पूरे परिसर में उच्च गुणवत्ता वाले सीसीटीवी कैमरे लगाने तथा पर्याप्त सुरक्षा गार्ड एवं स्वयंसेवकों की व्यवस्था करने का सुझाव दिया गया है। नशामुक्त आयोजन-गरबा परिसर एवं आयोजन स्थल के आसपास गुटखा, तंबाकू, शराब अथवा किसी भी प्रकार के नशीले पदार्थों का सेवन कर प्रवेश करने पर पूर्ण रोक रखने की मांग की गई है। विहिप एवं बजरंग दल के पदाधिकारियों ने कहा कि संगठन के कार्यकर्ता भी आयोजन के दौरान व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करेंगे तथा किसी भी प्रकार की अवांछित गतिविधि की स्थिति में आयोजकों एवं प्रशासन को सूचित करेंगे।

जिले के भानपुरा विकासखंड में 9 को आयोजित होगा शिविर

मंदसौर। मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के अंतर्गत आगामी 9 अक्टूबर को जिले के भानपुरा विकासखंड में शिविर आयोजित किया जाएगा। इसके अंतर्गत 9:30 बजे से उद्यम संवाद प्रातः 11:00 विशेष चौपाल पान क्लस्टर के लिए तथा दोपहर 1:30 बजे से जन संवाद आयोजित होगा। इसके अलावा कलेक्टर दिव्यांक सिंह सीईओ जिला पंचायत अनुकूल जैन तथा जिला स्तरीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा भानपुरा नगरीय क्षेत्र एवं आस-पास के ग्रामीण क्षेत्र का भ्रमण करके आम जन से संवाद किया जाएगा उनकी समस्याएं शिकायतें प्राप्त की जाकर निराकृत की जाएगी। अधिकारियों द्वारा जिन ग्रामीण क्षेत्र का भ्रमण किया जाएगा उनमें ग्राम सुजानपुरा, कैलाशपुरा, हमीरगढ़, नावली, धावदबुजुर्ग, कोटड़ीटेक, प्रेमपुरिया, बड़ोदिया, गांधीसागर, रतनपुरा, औसरना, ओसारा, कैथूली, नीमथूर, संपूर्ण भानपुरा नगरीय क्षेत्र शामिल है।

बच्चों की सुरक्षा से खिलवाड़ पर कार्रवाई

बिना फिटनेस दौड़ रही स्कूल बस को परिवहन विभाग ने पकडा, काटा चालान



हरिभूमि न्यूज ⏭ मंदसौर

बच्चों की सुरक्षा को लेकर परिवहन विभाग ने सख्ती दिखाते हुए जग्गा खेड़ी स्थित करनी इंटरनेशनल स्कूल की स्कूल बस की जांच की। परिवहन अधिकारी दीपक मांझी के निर्देश पर उप परिवहन निरीक्षक शुभम मंडलोई एवं पूजा मुकाती ने स्कूल बस की चेकिंग की, जिसमें एक बस बिना फिटनेस के संचालित होती हुई पाई गई। परिवहन विभाग की टीम ने तत्काल संबंधित वाहन का चालान बनाया और बस में सवार बच्चों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए उन्हें दूसरी बस से रवाना किया। स्कूली बच्चों को लेकर सड़क पर दौड़ने वाले वाहनों की फिटनेस केवल कागजी औपचारिकता नहीं, बल्कि बच्चों की जिंदगी और सुरक्षा से जुड़ा गंभीर विषय है। ऐसे में बिना फिटनेस स्कूल बस का संचालन सामने आना स्कूल प्रबंधन की जिम्मेदारी पर गंभीर सवाल खड़े करता है। सवाल यह भी है कि जिस बस में रोजाना मासूम बच्चे सफर कर रहे थे, उसकी फिटनेस की समय पर जांच क्यों नहीं कराई गई? परिवहन विभाग की कार्रवाई ने फिलहाल बच्चों को संभावित खतरे से बचाने का काम किया है, लेकिन यह मामला स्कूल बसों की नियमित जांच और सुरक्षा मानकों के पालन को लेकर भी गंभीर संदेश देता है।



सेवा संकल्प सभा में प्रधानमंत्री मोदी का उद्बोधन देखा सुना गया

मंदसौर। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत मंदसौर जिले में सेवा ज्योति यात्राएं 7 अक्टूबर को आयोजित की गई। विभिन्न मार्गों से होकर सेवा ज्योति यात्राएं जिला मुख्यालय कार्यक्रम स्थल पर पहुंची! जहां पर सेवा संकल्प सभा आयोजित हुई। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उद्बोधन का लाइव प्रसारण देखा सुना गया। इसके पश्चात सेवा ज्योति यात्राऐ विभिन्न विधानसभा क्षेत्र की ओर रवाना हुई। सेवा ज्योति यात्रा के दौरान जिला जनसंपर्क विभाग द्वारा विकास पुस्तिकाओं का वितरण भी किया गया। इस दौरान शासन की योजनाओं की जानकारी दी गई। इस अवसर पर, गरोठ विधायक चंदरसिंह सिसौदिया, सुवासरा विधायक हरदीप सिंह डंग, भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश दीक्षित, जिला पंचायत अध्यक्ष दुर्गा विजय पाटीदार, यशपाल सिंह सिसौदिया, जिला पंचायत उपाध्यक्ष मनुप्रिया यादव, नगर पालिका अध्यक्ष रमादेवी गुर्जर, कलेक्टर दिव्यांक सिंह, पूर्व विधायक देवीलाल धाकड़, राधेश्याम पाटीदार, मदनलाल राठौर, धीरज पाटीदार, नानालाल अटोलिया आदि उपस्थित थे।

जिला सलाहकार समिति की बैठक में कलेक्टर ने की समीक्षा

माय भारत केन्द्र के तत्वाधान में जिले के युवा वॉलिंटियर्स की टीम तैयार की जाएगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंदसौर

माय भारत केन्द्र की जिला सलाहकार समिति की बैठक बुधवार को संपन्न हुई। कलेक्टर कार्यालय सभा कक्ष में आयोजित बैठक में अध्यक्षता करते हुए कलेक्टर दिव्यांक सिंह ने निर्देशित किया कि माय भारत केन्द्र के तत्वावधान में जिले के युवाओं की वॉलिंटियर्स टीम तैयार की जाएगी वॉलिंटियर्स विभिन्न सामाजिक एवं सेवा क्षेत्र में नियमित रूप से अपना योगदान देंगे वॉलिंटियर्स को प्रशिक्षण दिलवाया जाएगा। बैठक में कलेक्टर कहा कि वॉलिंटियर्स की टीम द्वारा जिले में शामिल युवाओं को विभिन्न क्षेत्रों में कार्य करने के लिए प्रेरित तथा प्रशिक्षित किया जाएगा। युवा वॉलिंटियर्स काउंसलिंग से लेकर रेस्क्यू रिलीफ, नशा मुक्ति, विभिन्न शासकीय अभियानों, खेल गतिविधियों, कार्यशालाओं, आईईसी तथा विभिन्न इवेंट्स गतिविधियों में अपना योगदान देंगे वॉलिंटियर्स ऑन कॉल रहेंगे। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि वॉलिंटियर्स के लिए केप टी-शर्ट भी डिजाइन की जाएगी वॉलिंटियर्स टीम के लिए स्कूल कॉलेजों तथा अन्य स्थानों से युवाओं का डाटाबेस तैयार किया जाएगा। कलेक्टर ने कहा कि आगामी 15 अक्टूबर को वॉलिंटियर्स की बैठक आयोजित होगी। बैठक में उपस्थित सदस्यों द्वारा भी अपने सुझाव प्रस्तुत किए गए। प्रारंभ में माय भारत केन्द्र की जिला युवा अधिकारी सुश्री मुस्कान जैन ने माय भारत द्वारा किए जा रहे कार्यों गतिविधियों से अवगत कराया।



700 से अधिक पदाधिकारी जुटे, मध्यप्रदेश को सर्वाधिक नई इकाइयां बनाने पर राष्ट्रीय सम्मान

युवक महासंघ का कार्यकर्ता मानव सेवा व राष्ट्र के कार्यों में सक्रिय रहेः सिंघी

केसरियाजी तीर्थ में जैन युवक महासंघ का राष्ट्रीय अधिवेशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

मेरे जीवन में तीर्थ बनाना लिखा या नहीं पर कोई जैन तीर्थ टूटने नहीं दूंगा परमपुरा जयपुर जैन तीर्थ जहां राजस्थान सरकार एयरपोर्ट बना रही थी हमने राजस्थान सरकार के प्रोजेक्ट को निरस्त करवाया सम्मेद शिखर जी तीर्थ जहां 20 से अधिक तीर्थंकरो का मोक्ष हुआ, उस तीर्थ की समस्या को लेकर देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र जी मोदी से मिलकर झारखंड सरकार के माध्यम से समस्या का निराकरण कराया। जहां 50 या उससे अधिक जैन परिवार निवास करते हैं, वहां नई शाखाओं का गठन कर युवाओं को सामाजिक कार्यों से जोड़े।

यह आह्वान भारत सरकार के राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड के चेयरमैन एवं अखिल भारतीय श्री जैन श्वेतांबर मूर्तिपूजक युवक महासंघ के अंतरराष्ट्रीय चेयरमैन सुनील सिंघी, अहमदाबाद ने केसरियाजी तीर्थ में आयोजित राष्ट्रीय अधिवेशन में किया। अधिवेशन राष्ट्रीय अध्यक्ष हरेश भाई शाह, पुणे की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। श्री सिंघी ने कहा कि वर्तमान समय में राष्ट्र निर्माण में सामाजिक एकता और संगठन की शक्ति जरूरी है। तीर्थों की रक्षा, सामाजिक प्रकल्पों के संचालन और समाज की प्रभावी भागीदारी के लिए संगठन को मजबूत करना होगा। एक श्रावक चाहे तो क्या नहीं कर सकता हे उन्होंने सभी पदाधिकारियों से निरंतर प्रवास कर नई शाखाएं गठित करने और युवाओं को संगठन से जोड़ने का आह्वान किया युवक महासंघ जैन समाज की मात्र एक ऐसी संस्था हे जिसे सभी गुरुभगवंतों का आशीर्वाद प्राप्त हे समाज में संस्थाएं तो अनेक बनती हे लेकिन कुछ ही संस्था ऐसी होती हे जो लगातार समाज सेवा राष्ट्र सेवा मानव सेवा करते हुवे निरंतर प्रगति पथ पर अग्रसर रहती हे युवक महासंघ ऐसी ही एक संस्था हे जो लगातार 30 वर्षों से कार्यकर्ताओं के सतत सक्रियता से समाज में कार्य कर रही है।

प्रदेश अध्यक्ष अनिल दसेड़ा ने मध्यप्रदेश युवक महासंघ का प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुवे बताया की युवक महासंघ दादा आदिनाथ जन्म कल्याणक शासन स्थापना दिवस तपस्वी बहुमान 15 अगस्त को 100 से अधिक इकाइयों में झंडावंदन और पौधारोपण कार्यक्रम एक साथ वर्ष भर समाज सेवा के प्रकल्पों का आयोजन किया जाता है। पूरे देश में जैन समाज की जन संख्या 3 करोड़ से अधिक हे लेकिन सन 2011 की जनगणना में मात्र 44 लाख जी दर्शाई गई थी जो गलत हे पुनः जनवरी माह में मध्यप्रदेश की जनगणना प्रारंभ हो रही हे उस फार्म में कालम नम्बर 9 में धर्म के स्थान पर जैन कालम नंबर 10 ने गोत्र और कालम नंबर 14 में भाषा के स्थान पर हिंदी के साथ साथ प्राकृत भाषा लिखे इस कार्य के लिए युवक महासंघ मध्यप्रदेश में जन जागरण अभियान चला कर 25 से 30 वर्ष के युवाओं को प्रत्येक इकाई का प्रभारी बनाया जावेगा। मध्यप्रदेश युवक महासंघ व्यापार वृद्धि के लिए बी टू बी ग्रुप और एम एस एम ई के माध्यम से आवयश्कता अनुसार करोड़ों के लोन के माध्यम से प्रदेश भर के समस्त व्यापारियों को एक मंच पर लाकर व्यापार वृद्धि के लिए सेमिनार आयोजित किए जाएंगे

राष्ट्रीय अधिवेशन में मध्यप्रदेश युवक महासंघ को सर्वाधिक नवीन इकाइयों के गठन के लिए राष्ट्रीय पुरुष्कार प्राप्त हुआ यह मध्यप्रदेश इकाई के लिए गौरव की बात है। दो दिवसीय अधिवेशन का शुभारंभ श्री केसरिया नाथ प्रभु के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं जैन ध्वज वंदन से हुआ। राष्ट्रीय अध्यक्ष हरेश शाह, पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष गौतम जैन, चेन्नई राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अभय बरबोटा उज्जैन संबोधित किया, राष्ट्रीय महामंत्री सुनील गांग ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। संध्या को केसरिया नाथ मुख्य मंदिर में हीरे-जवाहरात तथा सोने-चांदी से आकर्षक अंगी रचना की गई। समाजजनों ने दर्शन कर संगीतमय भक्ति की। इसके बाद 'अपनों से अपनी बात' सत्र में मध्यप्रदेश, गुजरात, राजस्थान, बेंगलुरु, चेन्नई, मुंबई, पुणे और जयपुर सहित विभिन्न क्षेत्रों के प्रतिनिधियों ने वर्षभर की गतिविधियों की जानकारी दी और संगठन विस्तार के सुझाव रखे।







खबर संक्षेप

नर्मदा का पानी तालाब में छोड़ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



सोनकच्छ। समीपस्थ ग्राम ओड़ के नागरिकों ने बुधवार को अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय पहुंचकर एक ज्ञापन एसडीएम आनंद मालवीया को सौपा, जिसमें बताया कि आगामी समय में जल संकट को देखते हुए गांव में स्थित शासकीय तालाब में नर्मदा पाईप लाईन से पानी तालाब में छोड़ा जाए ताकि ग्रामवासियों को पीने का पानी मिल सकें। साथ ही मवेशियों के लिए भी पानी उपलब्ध हो सकें। ज्ञापन सौपते समय धन्नालाल चौहान, रामप्रसाद झाला, ईश्वर सेंधालकर, दीपक सेंधालकर, संजय सेंधालकर, विजेन्द्र सोलंकी, जितेन्द्र झाला आदि ग्रामीणजन उपस्थित थे।

प्रोग्रेसिव पेंशनर्स संघ ने सेवानिवृत्त चौहान का किया सम्मान



सोनकच्छ। प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन सोनकच्छ द्वारा मंगलवार को स्थानीय कृषि उपज मंडी में सेवानिवृत्त वरिष्ठ लेखापाल त्रिलोक चौहान के सम्मान में कार्यक्रम आयोजित किया गया। चौहान गत 30 सितंबर को कृषि उपज मंडी से वरिष्ठ लेखापाल के पद से सेवानिवृत्त हुए हैं।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रोटरी क्लब अध्यक्ष महेशचंद्र राठौर थे। विशेष अतिथि के रूप में पूर्व रोटरी क्लब अध्यक्ष सौभागसिंह ठाकुर एवं कार्यवाहक अध्यक्ष भूपेंद्र कुमार गुप्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता तहसील अध्यक्ष प्रहलादसिंह बिजोनिया ने की।इस अवसर पर संघ के सदस्यों ने सेवानिवृत्त चौहान का पुष्पहार पहनाकर एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मान किया। कार्यक्रम में रमेशचंद्र सोनी, नरेंद्र कुमार जाजू, अशोकसिंह सोलंकी,पुरुषोत्तम सोनी, पीरूलाल पुनेश्वर सहित संघ के सदस्य उपस्थित रहे।

सेवा समाप्ति के विरोध में बड़ी संख्या में पटवारियों का शक्ति प्रदर्शन

पटवारियों की रैली, कलेक्टर परिसर में दिया धरना, दंडात्मक कार्रवाई वापस लेने की मांग

प्रांतीय पटवारी संघ भोपाल और मध्यप्रदेश पटवारी संघ के बैनर तले किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



पटवारियों के विरुद्ध की जा रही सेवा समाप्ति, निलंबन एवं अन्य दंडात्मक कार्रवाइयों के विरोध में 7 अक्टूबर बुधवार को देवास में प्रदेशभर के पटवारियों ने जोरदार प्रदर्शन किया। प्रांतीय पटवारी संघ भोपाल एवं मध्यप्रदेश पटवारी संघ, जिला देवास के आह्वान पर 2000 पटवारी मुख्यालय पर एकत्रित हुए। पटवारियों ने पहले भोपाल रोड स्थित स्वस्तिक गार्डन में सभा कर उद्बोधन सुना और इसके बाद रैली के रूप में नारेबाजी करते हुए कलेक्टर कार्यालय पहुंचे। मध्यप्रदेश पटवारी संघ जिला अध्यक्ष मोहन राठौर ने बताया कि मध्य प्रदेश पटवारी संघ के संभाग उज्जैन के संभागीय अध्यक्ष आशीष कुमावत व प्रांतीय सचिव धर्मेंद्र चौबे के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में पटवारियों ने शासन द्वारा की जा रही दंडात्मक कार्रवाई का विरोध किया। प्रदर्शनकारियों ने प्रमुख सचिव, राजस्व विभाग, मध्यप्रदेश शासन के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर पटवारियों के विरुद्ध की गई कार्रवाई तत्काल वापस लेने की मांग की। ज्ञापन में कहा गया कि स्वामित्व रजिस्ट्री के निष्पादन में निष्पादक बनाए जाने के विरोध में अनुशासनहीनता एवं आदेशों की अवहेलना के आरोप में कलेक्टर एवं नियुक्तिकर्ता प्राधिकारी ऋतुराज सिंह द्वारा देवास जिले के तीन परिवीक्षाधीन पटवारियों की सेवाएं तत्काल प्रभाव से समाप्त की गई हैं। इनमें सोनकच्छ तहसील के हल्का घिचलाय में पदस्थ नितिन विश्वकर्मा, देवास ग्रामीण तहसील के हल्का क्रमांक 103 में पदस्थ अजय नागर तथा टोंकखुर्द तहसील में पदस्थ विशाल टईया शामिल हैं। आदेश के अनुसार इन्हें एक माह का अग्रिम वेतन देकर सेवा से पृथक किया गया है। पटवारी संघ का कहना है कि स्वामित्व अधिकार अभिलेख निष्पादन, पंजीयन-2026 सहित विभिन्न राजस्व कार्यों से संबंधित विधिक एवं व्यवहारिक समस्याओं से शासन को पूर्व में ही अवगत कराया जा चुका है। इसके बावजूद देवास में सेवा समाप्ति तथा प्रदेश के अन्य जिलों में निलंबन एवं अन्य दंडात्मक कार्रवाइयां किया जाना चिंताजनक है। प्रादेशिक संगठन के निर्णय के अनुसार 7 अक्टूबर से प्रदेशभर का पटवारी संवर्ग ऑनलाइन राजस्व कार्यों से विरत रहेगा। साथ ही पटवारी शासकीय समूहों से भी बाहर रहेंगे। संघ ने स्पष्ट किया कि जब तक दंडात्मक कार्रवाइयां वापस नहीं ली जातीं, आंदोलन जारी रहेगा। वहीं 9 अक्टूबर तक जिले के समस्त पटवारी सामूहिक अवकाश पर रहेंगे तथा शनिवार-रविवार को भी मुख्यालय पर उपस्थित नहीं रहेंगे। संघ ने चेतावनी दी कि भविष्य में प्रदेश के किसी भी जिले में पटवारियों के विरुद्ध ऐसी दंडात्मक कार्रवाई की गई तो प्रदेशभर के पटवारी बिना पूर्व सूचना के तत्काल समस्त राजस्व कार्यों से विरत होने के लिए बाध्य होंगे।

धरने पर बैठे पटवारी

कलेक्टर कार्यालय पहुंचने के बाद पटवारियों ने करीब दो घंटे तक कलेक्टर गेट पर जमकर नारेबाजी और प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि लगातार आंदोलन के बावजूद जिला कलेक्टर मौके पर नहीं पहुंचे। इसके बाद पटवारियों ने कलेक्टर परिसर में भजन-कीर्तन किया, हनुमान चालीसा का पाठ किया और अंत में दरी बिछाकर धरना देने का निर्णय लिया। प्रदर्शन के दौरान बड़ी संख्या में पटवारी मौजूद रहे और उन्होंने एकजुट होकर अपनी मांगों के समर्थन में आवाज बुलंद की। प्रदर्शन में जिला अध्यक्ष उज्जैन भगवान सिंह यादव, जिला अध्यक्ष इंदौर मनोज परिहार, जिला अध्यक्ष राजगढ़ शहजाद खान, जिला अध्यक्ष शाजापुर हरिओम हनोतिया, प्रांतीय पटवारी संघ जिला अध्यक्ष धार संजय जाट, जिला अध्यक्ष गुना कृष्ण गोपाल मीणा, जिला अध्यक्ष खरगोन धर्मसिंह सोलंकी, देवास जिला अध्यक्ष दिलीप जाट, इंदौर जिला अध्यक्ष संतोष विश्वकर्मा, उज्जैन जिला अध्यक्ष कृष्ण चंद्र शर्मा सहित इंदौर एवं उज्जैन संभाग के विभिन्न तहसील अध्यक्ष और प्रदेश के अनेक जिलों से आए पटवारी उपस्थित रहे।

ऑपरेशन प्रहार के तहत तीन जुआ फड़ों पर दबिश

नगद सहित 11 जुआरी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

अवैध जुआ-सट्टा और आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे ऑपरेशन प्रहार के तहत सिविल लाइन थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए अलग-अलग तीन स्थानों पर दबिश देकर 11 जुआरियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 52 ताश के पत्तों की गड्डियां और 22,370 रुपए की जुआ राशि जप्त की।पुलिस के अनुसार 7 अक्टूबर को मुखबिर से अलग-अलग स्थानों पर अवैध रूप से जुआ खेले जाने की सूचना मिली थी। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर गजेन्द्र सिंह वर्धमान के मार्गदर्शन और नगर पुलिस अधीक्षक सुमित अग्रवाल के निर्देशन में थाना प्रभारी निरीक्षक विजय सिंह लोधी के नेतृत्व में तीन अलग-अलग पुलिस टीमें गठित की गईं। टीमों ने संबंधित स्थानों पर घेराबंदी कर दबिश दी और मौके से 11 लोगों को जुआ खेलते पकड़ा।गिरफ्तार आरोपियों में दुर्गेश भूरिया, सोनू खान, फिरोज शाह, राजेश चौहान, आकाश लोधी, गजेन्द्र कर्मा, मनीष कर्मा, निकुंज रावत, शाहरूख खान, आसीम शेख और शाहदाब उर्फ डैनी शेख शामिल हैं।पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ धारा 13 जुआ एक्ट के तहत अलग-अलग प्रकरण दर्ज किए। इसके साथ ही प्रतिबंधात्मक कार्रवाई करते हुए आरोपियों को एसडीएम न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। न्यायालय से जेल वारंट जारी होने के बाद सभी को जेल भेज दिया गया।कार्रवाई में थाना प्रभारी विजय सिंह लोधी सहित पुलिस टीम के अधिकारियों और कर्मचारियों की सराहनीय भूमिका रही।

पीएम श्री विद्यालय में विधिक साक्षरता शिविर आयोजित



सोनकच्छ। पीएम श्री शासकीय माध्यमिक विद्यालय सांवेर में बुधवार को विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य विद्यार्थियों को उनके कानूनी अधिकारों, कर्तव्यों एवं विभिन्न विधिक प्रावधानों के प्रति जागरूक करना था।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, सोनकच्छ परिधि गुप्ता उपस्थित रहीं। विद्यालय के प्रधानाचार्य महेंद्र सिंह गोयल के मार्गदर्शन में आयोजित शिविर में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।मुख्य अतिथि ने विद्यार्थियों को बाल अधिकार, बाल संरक्षण, बाल विवाह, बाल श्रम, साइबर अपराध, गुड टच-बैड टच, विधिक सहायता सहित विभिन्न कानूनी प्रावधानों की जानकारी सरल भाषा में दी। उन्होंने विद्यार्थियों को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने और जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया।इस दौरान विद्यार्थियों ने कानून से संबंधित विभिन्न प्रश्न पूछे, जिनका गुप्ता ने सरल भाषा में जवाब देकर उनकी जिज्ञासाओं का समाधान किया। उन्होंने किसी भी प्रकार की समस्या अथवा अन्याय की स्थिति में बिना भय उचित माध्यम से सहायता लेने की समझाइश भी दी। कार्यक्रम का संचालन एवं मंच संचालन हरीश तिवारी ने किया। अंत में विद्यालय परिवार की ओर से मुख्य अतिथि के प्रति आभार व्यक्त किया गया। शिविर विद्यार्थियों के लिए ज्ञानवर्धक एवं जागरूकतापूर्ण रहा।

अवैध रेत उत्खनन और परिवहन पर खनिज विभाग ने की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



बुधवार को खनिज विभाग के दल द्वारा कार्रवाई करते हुए ग्राम तुरनाल घाट क्षेत्र से अवैध रेत उत्खनन और परिवहन में लिप्त 3 ट्रैक्टर-ट्रॉली तथा एक लोहे की नाव को जब्त किया है। खनिज अधिकारी देवास ने बताया कि ग्राम तुरनाल घाट क्षेत्र में अवैध रूप से रेत निकाले जाने की गोपनीय सूचना प्राप्त हुई थी। खनिज दल द्वारा मौके पर अचानक दी गई दबिश के दौरान रेत का अवैध उत्खनन करते हुए 2 ट्रैक्टर-ट्रॉली और एक बड़ी लोहे की नाव एवं चाकल अरविंद कर्मा, पवन पवार, राहुल पवार को पकडा गया। ट्रैक्टर-ट्रॉली और अवैध उत्खनन में प्रयुक्त नाव को खनिज दल द्वारा तत्काल अपनी कस्टडी में लेकर पुलिस थाना नेमावर की सुपुर्दगी और अभिरक्षा में खड़ा करवाया गया है। तुरनाल घाट की कार्रवाई के साथ ही खनिज दल ने क्षेत्र में गश्त के दौरान रेत का अवैध परिवहन करते हुए एक अन्य ट्रैक्टर-ट्रॉली को पकड़ा। चालक राजेश पाठक को अवैध रूप से रेत ले जाते हुए जब्त कर पुलिस थाना कांटाफोड़ की अभिरक्षा में सुरक्षित खड़ा किया गया है।खनिज अधिकारी शांतिलाल निमामा ने बताया कि जब्त किए गए इन सभी 3 ट्रैक्टर-ट्रॉलियों और 1 नाव पर म.प्र. गौण खनिज नियम तथा म.प्र. खनिज (उत्खनन, परिवहन और भंडारण) निवारण नियम 2022 के कड़े प्रावधानों के अंतर्गत वैधानिक प्रकरण दर्ज कर आगामी दंडात्मक कार्रवाई की जा रही है।

होपवेल हॉस्पिटल में जटिल मायोमेक्टॉमी सर्जरी सफल



हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनकच्छ

होपवेल सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल में एक महिला की जटिल मायोमेक्टॉमी सर्जरी सफलतापूर्वक की गई। सर्जरी के दौरान महिला की बच्चेदानी से 10 बड़ी गांठें निकाली। इस जटिल सर्जरी को होपवेल की चिकित्सकीय टीम ने सफलतापूर्वक पूरा किया। ऑपरेशन का नेतृत्व डॉ. अंकिता वरगड़िया एवं डॉ. हेमंत कंसल ने किया।

उनके साथ डॉ. कमलेश तथा एनेस्थीसिया विशेषज्ञ डॉ. हर्षरण सिंह टीम ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।चिकित्सकों के अनुसार, इतनी संख्या में बड़ी गांठों की मौजूदगी के कारण सर्जरी में विशेष सावधानी और बेहतर सर्जिकल प्रबंधन की आवश्यकता थी। टीम द्वारा पूरी प्रक्रिया को सावधानीपूर्वक पूरा किया गया और ऑपरेशन सफल रहा।मायोमेक्टॉमी ऐसी सर्जरी है जिसमें बच्चेदानी को सुरक्षित रखते हुए उसमें मौजूद फाइब्रॉइड गांठों को हटाया जाता है। इस प्रकार की सर्जरी विशेष रूप से उन महिलाओं के लिए महत्वपूर्ण हो सकती है, जिनमें भविष्य में गर्भधारण की इच्छा हो।होपवेल सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल की टीम ने इस सफल सर्जरी को अपनी चिकित्सकीय सेवाओं में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया।

प्रतिमाओं को अंतिम रूप दे रहे कलाकार, नवरात्रि की तैयारियां तेज



हरिभूमि न्यूज ⏭ भौरासा

शक्ति की आराधना का पर्व नवरात्रि रविवार 11 अक्टूबर से शुरू होने जा रहा है। पर्व को लेकर भौरासा नगर में तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। नगर के शक्ति माता मंदिर, मां अन्नपूर्णा माता मंदिर, मां अंबिका माता मंदिर सहित अन्य देवी मंदिरों में सजावट एवं धार्मिक आयोजनों की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। वहीं जगह-जगह नवदुर्गा उत्सव के लिए पंडाल भी बनाए जा रहे हैं। तालाब की पाल स्थित मां शक्ति माता मंदिर परिसर में तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। पूरे तालाब की पाल पर भगवा पताकाएं लगाई गई हैं। मंदिर परिसर में की गई आकर्षक विद्युत सजावट भी श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बनी हुई है।इधर नगर के मूर्ति कलाकार देवी प्रतिमाओं को अंतिम रूप देने में जुटे हुए हैं। कलाकारों द्वारा प्रतिमाओं को आकर्षक रूप देकर रंग-रोगन एवं सजावट का काम किया जा रहा है। मूर्ति कलाकारों ने बताया कि प्रतिमाओं के निर्माण में मिट्टी, चारा एवं अन्य सामग्री का उपयोग किया जाता है और शासन की गाइडलाइन के अनुसार प्रतिमाएं तैयार की जा रही हैं।

महिलाओं ने किया शिवलिंग का रुद्राभिषेक

हरिभूमि न्यूज ⏭ भौरासा



संस्था मां शारदा इंदौर के तत्वावधान में नगर में लगातार पार्थिव शिवलिंग निर्माण एवं रुद्राभिषेक के धार्मिक आयोजन किए जा रहे हैं। इसी क्रम में बाबा भंवरनाथ मंदिर परिसर में पार्थिव शिवलिंग निर्माण एवं रुद्राभिषेक का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों महिलाओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।आयोजन के दौरान महिलाओं ने अपने हाथों से मिट्टी के पार्थिव शिवलिंग का निर्माण किया। इसके बाद विधि-विधान से भगवान शिव का पूजन कर रुद्राभिषेक किया गया।

महिलाओं ने सामूहिक रूप से भगवान शिव की आराधना करते हुए धार्मिक अनुष्ठान में सहभागिता की। इंदौर से आए पंडित धनीराम तिवारी ने श्रद्धालुओं को भगवान शिव के रुद्राभिषेक एवं पार्थिव शिवलिंग पूजन का धार्मिक महत्व बताया और विधि-विधान से पूजन संपन्न कराया। संस्था के प्रमुख प्रमोद कुमार द्विवेदी ने बताया कि नगर में संस्था द्वारा निरंतर ऐसे धार्मिक आयोजन कराए जा रहे हैं, जिनमें बड़ी संख्या में महिलाएं उत्साह के साथ सहभागिता कर रही हैं।

मनाया मालवा का पारंपरिक संजा कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा



किड्ज़ पैलेस स्कूल, चापड़ा में मालवा की समृद्ध लोकपरंपरा संजा पर्व श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने आकर्षक संजा सजाई तथा विधि-विधान से पूजन एवं आरती की। विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को संजा पर्व के सांस्कृतिक महत्व एवं मालवा की लोकपरंपराओं के बारे में जानकारी दी गई। बच्चों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए अपनी रचनात्मकता का प्रदर्शन किया। विद्यालय संचालक राहुल सेंधव ने कहा कि आधुनिक शिक्षा के साथ बच्चों को अपनी संस्कृति, परंपराओं और संस्कारों से जोड़ना भी आवश्यक है। हमारी लोकपरंपराएँ हमारी पहचान और हमारी अमूल्य विरासत हैं। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों को मिठाई वितरित कर संजा पर्व की शुभकामनाएं दी गईं।

विकसित भारत 2047 का लिया सामूहिक संकल्प

जिला मुख्यालय पर सेवा ज्योति यात्रा व विकसित भारत संकल्प सभा को पीएम मोदी ने किया वर्चुअल संबोधित

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



शहर में बुधवार को भोपाल चौराहा स्थित तुकोजीराव पवार स्टेडियम में 'सेवा ज्योति यात्रा' एवं 'विकसित भारत संकल्प सभा' का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संबोधित किया तथा सेवा ज्योति प्रज्वलित की।जिला स्तर पर आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों ने 'विकसित भारत @2047' के निर्माण का सामूहिक संकल्प लिया। सेवा ज्योति यात्रा एवं विकसित भारत संकल्प सभा में कार्यक्रम की शुरुआत देशभक्ति एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ हुई। इसके पश्चात प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का विशेष वर्चुअल उद्बोधन प्रसारित किया गया। प्रधानमंत्री मोदी के संबोधन के उपरांत उपस्थित जनसमुदाय ने 'विकसित भारत @2047' के निर्माण का सामूहिक संकल्प लिया। इस दौरान पदमश्री कालूराम बामनिया, खिलाड़ी जय मीणा एवं कोच सुदेश सांगते का का सम्मान भी किया गया। कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद डॉ. कविता पाटीदार, देवास-शाजापुर लोकसभा सांसद महेंद्र सिंह सोलंकी, देवास विधायक गायत्री राजे पवार, खातेगांव विधायक आशीष शर्मा, सोनकच्छ विधायक डॉ. राजेश सोनकर, बागली विधायक मुरली भंवरा, जिला पंचायत अध्यक्ष लीला अटारिया, डॉ. रायसिंह सेंधव, महापौर गीता दुर्गेश अग्रवाल, नगर निगम सभापति रवि जैन, राजेश यादव सहित अन्य वरिष्ठ जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

सेवा ज्योति यात्रा का शुभारंभ

तुकोजीराव पवार स्टेडियम से 'सेवा ज्योति यात्रा' का भव्य शुभारंभ हुआ। डॉ. रायसिंह सेंधव ने कहा कि 'सेवा ज्योति यात्रा' सेवा, सुशासन और जनभागीदारी का सशक्त माध्यम है, जिससे हर नागरिक जुड़कर राष्ट्र निर्माण में योगदान देगा। उन्होंने आह्वान किया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विजन के अनुरूप हम सभी मिलकर वर्ष 2047 तक भारत को एक सशक्त और विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प साकार करें। यात्रा में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों ने सहभागिता की। सेवा, राष्ट्र निर्माण और विकसित भारत के संकल्प का संदेश लेकर निकली यह यात्रा विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों तक पहुंची। 'सेवा ज्योति यात्रा' के माध्यम से सेवा, सुशासन, जनभागीदारी और विकसित भारत के संकल्प को जन-जन तक पहुंचाने का संदेश दिया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों ने देश के विकास में सक्रिय सहभागिता निभाने तथा वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प को साकार करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की।

सेवा संकल्प अभियान तहत स्वच्छता और प्लास्टिक मुक्ति का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा



सेवा संकल्प अभियान 2026 अंतर्गत 'सेवा मेरा योगदान' कार्यक्रम तहत गांधी जयंती के अवसर पर कमलापुर में स्वच्छता एवं जनजागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नगर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाए रखने में योगदान देने वाले स्वच्छता कर्मियों का सम्मान कर उनके कार्यों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की गई। अभियान के तहत प्रसिद्ध राधा-कृष्ण मंदिर परिसर में जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं नागरिकों ने श्रमदान कर सघन सफाई अभियान चलाया। इस दौरान मंदिर परिसर और आसपास के क्षेत्र की साफ-सफाई की गई।विशेष अतिथि महेश सोलंकी ने उपस्थित नागरिकों को सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने तथा परिसर को प्लास्टिक मुक्त रखने की शपथ दिलाई। राकेश जाट ने स्वच्छता कर्मियों की भूमिका को महत्वपूर्ण बताते हुए उनके प्रयासों की सराहना की। इस अवसर पर गणेश पटेल, श्यामसिंह दरबार, लाखन प्रजापत, अजय विश्वकर्मा, डॉ. राजेश सहित सामाजिक कार्यकर्ता एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

खबर संक्षेप

मेडिकल कॉलेज से आठ दवाओं के नमूने भरे

ललितपुर । जिलाधिकारी सत्यप्रकाश के दिशा-निर्देशन में औषधियों की गुणवत्ता, सुरक्षित भंडारण तथा मरीजों को मानक के अनुरूप दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से औषधि निरीक्षक विनय मिश्रा ने शासकीय मेडिकल कॉलेज के दवा भंडारण एवं वितरण काउंटर का औचक निरीक्षण किया। काउंटर पर बट रही है एक्सपायरी दवाई की जानकारी मिलने पर जिलाधिकारी ने दिशानिर्देश दिए औषधि विभाग के औषधि निरीक्षक ने दवाओं के भंडारण, रखरखाव, वितरण व्यवस्था, साफ-सफाई तथा दवाओं की वैधता अवधि सहित विभिन्न व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लिया। उन्होंने दवाओं को निर्धारित मानकों के अनुरूप व्यवस्थित एवं सुरक्षित तरीके से रखने के निर्देश दिए।औषधियों की गुणवत्ता की जांच के लिए निरीक्षण के दौरान सर्दी-खांसी सीरप, एंटीबायोटिक एवं वोमिटिंग सीरप सहित कुल आठ दवाओं के नमूने लिए गए। लिए गए नमूनों को नियमानुसार परीक्षण के लिए भेजा जाएगा, जिससे उनकी गुणवत्ता एवं मानकों की जांच सुनिश्चित हो सके।निरीक्षण के दौरान एक्सपायर हो चुकी दवाओं को उपयोग योग्य दवाओं से अलग रखने तथा उनका नियमानुसार सुरक्षित निस्तारण करने के भी निर्देश दिए गए। उन्होंने स्पष्ट किया कि एक्सपायर्ड दवाओं का किसी भी स्थिति में मरीजों को वितरण न हो।

रंजिश में युवक को दी जान से मारने की धमकी

ललितपुर। थाना नाराहट क्षेत्र के ग्राम गुढा बुजुर्ग में पुरानी रंजिश को लेकर एक युवक को रास्ते में रोककर गाली-गलौज करने और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पीड़ित की लिखित शिकायत पर नाराहट पुलिस ने दो नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ग्राम गुढा बुजुर्ग निवासी रिसू राजा पुत्र महेंद्र सिंह ने बताया कि वह 29 सितंबर को दोपहर करीब तीन बजे ककरुवा और गुढा के बीच से गुजर रहा था। इसी दौरान गांव के ही निवासी भगवानदास और खिलान पुत्रगण जुगल वहां पहुंच गए। आरोप है कि दोनों ने पुरानी रंजिश को लेकर रिसू राजा के साथ गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर आरोपियों ने कथित तौर पर जान से मारने की धमकी देते हुए कहा कि हम तुम्हें मारकर कहीं फेंक देंगे। धमकी देने के बाद दोनों आरोपी मौके से चले गए। घटना के बाद पीड़ित भयभीत हो गया और उसने 6 अक्टूबर 2026 को थाना नाराहट पहुंचकर पुलिस को लिखित सूचना दी। नाराहट पुलिस ने कार्रवाई की है।

10 से 25 अक्टूबर तक मिलेगा निशुल्क राशन

ललितपुर। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम-2013 के अंतर्गत माह अक्टूबर 2026 के सापेक्ष जिले के अंत्योदय एवं पात्र गृहस्थी राशनकार्ड धारकों को निशुल्क खाद्यान्न का वितरण 10 से 25 अक्टूबर 2026 तक किया जाएगा। जिला पूर्ति अधिकारी उमेश चन्द्र मिश्र ने बताया कि वितरण आयुक्त खाद्य तथा रसद विभाग लखनऊ के निर्देशों के तहत किया जाएगा। अंत्योदय राशनकार्ड धारकों को प्रति कार्ड कुल 35 किलोग्राम खाद्यान्न निशुल्क मिलेगा, जिसमें 14 किलोग्राम गेहूं और 21 किलोग्राम चावल शामिल है। इसी प्रकार पात्र गृहस्थी राशनकार्ड धारकों को प्रति यूनिट कुल पांच किलोग्राम खाद्यान्न दिया जाएगा। इसमें दो किलोग्राम गेहूं और तीन किलोग्राम चावल शामिल होंगे। जिला पूर्ति अधिकारी ने बताया कि राशन का वितरण उचित दर दुकानों पर ई-पॉस मशीन के माध्यम से आधार प्रमाणीकरण कराकर किया जाएगा। जिन राशनकार्ड धारकों का आधार प्रमाणीकरण के माध्यम से खाद्यान्न प्राप्त करना संभव नहीं हो सकेगा, उन्हें मोबाइल ओटीपी वेरीफिकेशन के माध्यम से खाद्यान्न उपलब्ध कराया जाएगा। मोबाइल ओटीपी के माध्यम से वितरण की अंतिम तिथि 25 अक्टूबर 2026 निर्धारित की गई है। विभाग ने सभी अंत्योदय एवं पात्र गृहस्थी राशनकार्ड धारकों से निर्धारित अवधि में अपनी संबंधित उचित दर दुकान पर पहुंचकर निशुल्क खाद्यान्न प्राप्त करने की अपील की है।

भारत माता व प्रेरणापुंज मुखर्जी, पं उपाध्याय के चित्रों पर माल्यार्पण किया

संकल्प सभा कर विकसित भारत संकल्प ज्योति यात्रा शुरू की

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



देश को आगामी वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प के साथ स्थानीय तुवन मंदिर प्रांगण से 'विकसित भारत संकल्प ज्योति यात्रा' का भव्य शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के दौरान पंडाल के बाहर जिला उपाध्यक्ष रुचिका बुन्देला और उनकी महिला मोर्चा टीम द्वारा रंगोली में कमल का फूल और विकास परक योजनाओं को रंगों के माध्यम से उकेरा गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में मुख्य अतिथि क्षेत्रीय अध्यक्ष द्वारा भारत माता एवं भारतीय जनता पार्टी के प्रेरणापुंज डा श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पं दीनदयाल उपाध्याय के चित्रों पर माल्यार्पण किया गया। इस गौरवमयी अवसर पर एक विशेष विकसित भारत संकल्प सभा का भी आयोजन किया गया, जिसको कानपुर बुन्देलखण्ड क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष मा रामकिशोर साहू के अलावा जिलाध्यक्ष एवं जनप्रतिनिधियों ने भी सम्बोधित किया।

अवसर पर मां प्रधान मंत्री नरेंद्र भाई मोदी द्वारा लाईव प्रसारण के माध्यम से सारे देशवासियों को सम्बोधित कर सन्देश दिया गया जिसे उपस्थित जनसमुदाय और कार्यकर्ताओं ने अत्यंत उत्सुकता के साथ सुना।इस अवसर पर प्रधानमंत्री मोदी जी के अभिभाषण के बाद मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि तथा अन्य द्वारा भारत संकल्प ज्योति यात्रा कीं दिव्य ज्योति और दिव्य मशालें प्रज्ज्वलित की गईं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ने उपस्थित सभी नागरिकों और कार्यकर्ताओं को देश को आत्मनिर्भर और विकसित बनाने की शपथ दिलाई। उन्होंने सभी से आह्वान किया कि वर्ष 2047 तक भारत को परम वैभव पर ले जाने और इसे एक विकसित राष्ट्र के रूप में स्थापित करने के लिए प्रधानमंत्री मोदी के प्रयासों में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाएं और उनके कंधे से कंधा मिलाकर सहयोग करें। उन्होंने कहा कि हम सब रोशनी को ही खुशहाली का प्रतीक मानते हैं जो कि हमें तमस से प्रगति के ज्योति मार्ग की ओर ले जाती है इसी तरह हम लोग बीस सौ सैंतालीस तक प्रगतिशील देशों की कतार में खड़े होने के संकल्प को लेकर यह सेवा ज्योति यात्रा निकाल रहे हैं और देश को परम वैभव की ओर ले जाने को कृत संकल्पित हैं।इस यात्रा में हम जो मशाल और दिव्य ज्योति लेकर चल रहे हैं उसके माध्यम से भारत में प्रगति ज्योति से वढ़ रहे विकसित देश के प्रकाश की रोशनी बांटने का संदेश दे रहे हैं। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष हरिश्चंद्र रावत ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के उच्च नेतृत्व के निर्देश पर इन सब यात्राओं को लेकर दोनों जिले की दोनों विधानसभाओं के लिए यात्राएं रवाना हो रहीं हैं । महरोनी विधानसभा की यात्रा और ललितपुर विधानसभा की यात्रा दोनों ही तुवन मंदिर प्रांगण से शुरू होकर अलग अलग होकर अपने गंतव्य तक मुड़ जायेंगी जिसमें कुछ किलोमीटर तक हमारे कार्यकर्ता पैदल चलेंगे। इसके तत्काल बाद इस पावन अवसर पर क्षेत्रीय अध्यक्ष रामकिशोर साहू तथा विशिष्ट अतिथि अशोक सिंह राजपूत एवं जिला अध्यक्ष हरिश्चंद्र रावत ने ललितपुर जनपद की दोनों विधानसभाओं (ललितपुर एवं महरौनी) के लिए अलग-अलग 'सेवा ज्योति यात्रा' को हरी झंडी दिखाकर गंतव्य के लिए रवाना किया। दोनों यात्रायें महरौनी विधानसभा की यात्रा तुवन मंदिर प्रांगण से शुरू होकर जेल चौराहा, इलाइट चौराहा और रामनगर होते हुए सीधे खितवांस पहुंचेगी तथा ललितपुर विधानसभा की यात्रा तुवन मंदिर प्रांगण से प्रारंभ होकर घंटाघर, सावरकर चौक, तालाबपुरा, वर्णी जैन चौक, कचहरी चौराहा और इलाइट चौराहा होते हुए मेघासन माता मंदिर पर जाकर आगे रवाना होगी। जिला अध्यक्ष हरिश्चंद्र रावत, जिला प्रभारी अशोक सिंह राजपूत,श्रम सेवा राज्यमंत्री मनोहर लाल पंथ उर्फ मन्नू कोरी,सदर विधायक रामरतन कुशवाहा एड, जिला पंचायत अध्यक्ष कैलाश नारायण निरंजन, नगर पालिका अध्यक्ष सोनाली विवेक जैन मौजूद रहे।

तुवन मंदिर परिसर में रंगोली में उकेरी योजनाएं

सेवा के रंग, राष्ट्र के संग थीम के तहत बिखेरे विकास व जनकल्याणकारी योजनाओं के रंग



हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

सेवा संकल्प अभियान-2026 के अंतर्गत बुधवार को तुवन मंदिर परिसर ललितपुर में सेवा के रंग, राष्ट्र के संग थीम पर आधारित भव्य रंगोली कार्यक्रम का आयोजन किया गया। रंगोली के माध्यम से केंद्र एवं प्रदेश सरकार की प्रमुख जनकल्याणकारी योजनाओं, राष्ट्रीय प्रतीकों तथा विकसित भारत के संकल्प को आकर्षक ढंग से प्रदर्शित किया गया।

आयोजन जनपद के सभी छह विकासखंडों में भी किया गया। तुवन मंदिर परिसर में तैयार की गई लगभग 75 गुणा 75 फीट की विशाल रंगोली आकर्षण का प्रमुख केंद्र रही। इसे तैयार करने में प्राकृतिक सामग्री, फूल, प्राकृतिक रंग, अनाज और मिट्टी का प्रयोग किया गया। रंगोली के विभिन्न हिस्सों में जनकल्याणकारी योजनाओं और विकास कार्यों को चित्रात्मक रूप में दर्शाकर लोगों को इनके प्रति जागरूक किया गया। भव्य रंगोली में प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, आयुष्मान भारत, पीएम सूर्यघर योजना, जल जीवन मिशन, अटल पेंशन योजना, प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना, महिला शक्ति वंदन अधिनियम एवं स्टार्टअप इंडिया जैसी योजनाओं को प्रमुखता से दर्शाया गया। इसके साथ ही जिले के पर्यटन स्थलों और विकास परियोजनाओं को भी रंगोली में स्थान दिया गया। इनमें सुकन्या समृद्धि योजना, यूपीसीडा फार्मा पार्क सैदपुर, एक्सप्रेस-वे, मुख्यमंत्री मॉडल स्कूल, स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, ग्रामीण पुस्तकालय, मॉडल आंगनबाड़ी, खेलकूद मैदान तथा मंगलयान सहित विभिन्न विषयों को आकर्षक रूप में प्रदर्शित किया गया। रंगोली के माध्यम से लोगों तक सरकारी योजनाओं की जानकारी पहुंचाने के साथ ही विकसित भारत के संकल्प और राष्ट्र निर्माण में जनभागीदारी का संदेश दिया गया। भव्य रंगोली को तैयार करने में अध्यापक इंदल सिंह पटेल, संदीप नामदेव, भूपेन्द्र गोस्वामी, मयंक पटेल, रूचि नायक, अनिता कुशवाहा, अभिलाषा चौधरी एवं विकास सिंघई सहित शिक्षक-शिक्षिकाओं ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। शिक्षकों ने रंगोली के डिजाइन, विषय-वस्तु और रंग संयोजन को आकर्षक स्वरूप प्रदान किया। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी शेषनाथ चौहान, डीसी मनरेगा रमेश यादव, जिला विकास अधिकारी अतिरंजन सिंह, बेसिक शिक्षा अधिकारी रत्नेश कुमार, पर्यटन अधिकारी हेमलता, खंड शिक्षा अधिकारी गौरव शुक्ला एवं पर्यटन मित्र फिरोज इकबाल सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

डीएम-एसपी को ज्ञापन सौंपकर निष्पक्ष जांच की मांग

निषाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष को धमकी के आरोप पर आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



गोरखपुर के बांसगांव में निषाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं कैबिनेट मंत्री डा.संजय कुमार निषाद के खिलाफ कथित तौर पर जान से मारने की धमकी, गर्दन काटने जैसे आपत्तिजनक बयान और जातिसूचक शब्दों के प्रयोग को लेकर निषाद पार्टी के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं में आक्रोश है। पार्टी कार्यकर्ताओं ने जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपकर मामले में निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की। पार्टी की ओर से दिए गए ज्ञापन में कहा गया कि राजनीतिक असहमति लोकतंत्र का हिस्सा है, लेकिन किसी व्यक्ति को जान से मारने की धमकी देना, गर्दन या हाथ काटने जैसी बातें कहना तथा जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करना गंभीर विषय है। कार्यकर्ताओं का कहना है कि इस प्रकार की कथित आपत्तिजनक टिप्पणियों से सामाजिक सौहार्द प्रभावित होने के साथ ही कानून-व्यवस्था के लिए भी चुनौती उत्पन्न हो सकती है। निषाद पार्टी ने प्रशासन से संबंधित घटना, भाषणों, वीडियो, ऑडियो एवं सोशल मीडिया पर प्रसारित सामग्री की समयबद्ध और निष्पक्ष जांच कराने की मांग की। साथ ही उपलब्ध साक्ष्यों को सुरक्षित रखने की भी मांग की गई है।

ज्ञापन में कहा गया कि जांच के दौरान यदि धमकी और जातिसूचक अपमान के आरोप सही पाए जाते हैं तो संबंधित व्यक्तियों के खिलाफ प्रचलित विधिक प्रावधानों के तहत मुकदमा दर्ज कर कठोर कार्रवाई की जाए। पार्टी पदाधिकारियों ने डा.संजय कुमार निषाद की सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा कर आवश्यक सुरक्षा उपलब्ध कराने की भी मांग की। कार्यकर्ताओं ने कहा कि जनप्रतिनिधि के खिलाफ इस तरह की कथित धमकियों को गंभीरता से लिया जाना चाहिए।

आराजी नंबर 94 पर पिलर-गेट लगाकर रास्ता बंद करने का आरोप

जाखलौन में कृषि मार्ग बंद होने से किसानों का संकट गहराया

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



सदर तहसील क्षेत्र के ग्राम जाखलौन में खेतों तक आने-जाने का वर्षों पुराना कृषि मार्ग बंद किए जाने से किसानों के सामने गंभीर समस्या खड़ी हो गई है। प्रभावित किसानों ने सदर विधायक रामरतन कुशवाहा के माध्यम से जिला प्रशासन को शिकायती पत्र सौंपकर आराजी नंबर 94 से होकर जाने वाले रास्ते को पूर्व की भांति खुलवाने और सुरक्षित कराने की मांग की है। शिकायती पत्र में किसानों ने बताया कि वे वर्ष 1986 से लगातार अपने खेतों तक पहुंचने के लिए उक्त मार्ग का उपयोग करते आ रहे हैं। किसानों के अनुसार तत्कालीन लेखपाल द्वारा वर्ष 1986 में इस रास्ते को नक्शे में भी दर्ज किया गया था। लंबे समय से किसान इसी रास्ते से होकर अपनी कृषि भूमि पर पहुंचते और खेती-किसानी का कार्य करते रहे हैं। किसानों का आरोप है कि आराजी नंबर 94, जिसे वह सभा की भूमि बता रहे हैं, पर भूमि स्वामी राजकुमारी यादव द्वारा पिलर एवं गेट लगाकर रास्ते को बंद कर दिया गया है। इससे किसानों का अपने खेतों तक पहुंचना मुश्किल हो गया है और कृषि कार्य प्रभावित हो रहा है।

किसानों का कहना है कि उनके खेतों तक पहुंचने के लिए कोई दूसरा रास्ता उपलब्ध नहीं है। पीड़ित किसानों ने अपनी शिकायत में भारतीय सुखाधिकार अधिनियम, 1882 का हवाला देते हुए कहा है कि लंबे समय से उपयोग किए जा रहे रास्ते पर उनका विधिक अधिकार बनता है। उन्होंने जिला प्रशासन से मामले की मौके पर जांच कराकर वास्तविक स्थिति स्पष्ट करने तथा रास्ते को पूर्व की भांति बहाल कराने की मांग की है।

खुदी सड़क, ठेकेदार ने दो दिन में मरम्मत का दिया था भरोसा

हर घर जल योजना के बाद राहगीरों की राह बंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



हर घर जल योजना के तहत पाइपलाइन बिछाने के लिए खोदी गई सड़क की मरम्मत न होने से बिहारी राशन के पास रामअवतार के घर के सामने रहने वाले लोगों की परेशानी बढ़ गई है। स्थानीय लोगों के मुताबिक करीब दो से तीन माह पहले सड़क खोदी गई थी। काम पूरा होने के बाद भी सड़क को दुरुस्त नहीं कराया गया, जिससे रास्ता गड्ढों और मिट्टी से उबड़-खाबड़ हो गया है। सबसे ज्यादा परेशानी स्कूली बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों को उठानी पड़ रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि खराब रास्ते पर बच्चे कई बार फिसलकर गिर चुके हैं। वहीं दोपहिया और चारपहिया वाहनों को भी संकरे व उबड़-खाबड़ रास्ते से निकालने में दिक्कत होती है।

स्थानीय लोगों के अनुसार पाइपलाइन का काम कराने वाले ठेकेदार ने सड़क को दो दिन के भीतर ठीक कराने का आश्वासन दिया था, लेकिन दो महीने से अधिक समय बीतने के बाद भी सड़क की हालत जस की तस है। रामअवतार के घर के सामने रास्ता खराब होने से परिवार और आसपास के लोगों को घर तक पहुंचने में भी परेशानी हो रही है। पाइपलाइन बिछाने के दौरान नाली की पुलिया भी क्षतिग्रस्त हो गई। पुलिया की मरम्मत न होने से नाली के पानी की निकासी प्रभावित है और कई बार पानी घरों के दरवाजे के आसपास जमा हो जाता है। इससे गंदगी और दुर्गंध की समस्या भी बनी रहती है। स्थानीय लोगों ने संबंधित विभाग और प्रशासन से मौके का निरीक्षण कराकर सड़क को तत्काल समतल कराने तथा टूटी नाली की पुलिया की मरम्मत कर जल निकासी सुचारु कराने की मांग की है।

इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन की प्रथम स्तरीय जांच

राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की मौजूदगी में जांच पूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



जिला निर्वाचन कार्यालय के तत्वावधान में इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन की प्रथम स्तरीय जांच का कार्य सफलतापूर्वक संपन्न हो गया। यह प्रक्रिया आगामी निर्वाचन की तैयारियों के तहत भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड के इंजीनियरों द्वारा करीब 20 दिनों तक लगातार संचालित की गई। नोडल ऑफिसर /एसओसी चकबंदी राकेश कुमार ने बताया कि ईवीएम की एफएलसी प्रक्रिया 17 सितंबर 2026 से शुरू होकर 6 अक्टूबर 2026 तक चली। इस दौरान मशीनों की प्रथम स्तरीय जांच निर्धारित प्रक्रिया के तहत की गई। निर्वाचन प्रक्रिया में पारदर्शिता एवं निष्पक्षता बनाए रखने के लिए एफएलसी के दौरान राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति और सहभागिता भी सुनिश्चित की गई। उन्होंने बताया कि ईवीएम की प्रथम स्तरीय जांच निर्वाचन व्यवस्था का महत्वपूर्ण चरण है।

सेवा संकल्प अभियान में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर लगाया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

भारत एक्सप्लोसिव महर्रा ललितपुर में सेवा संकल्प अभियान के अन्तर्गत स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड (श्रम विभाग) द्वारा किया गया, जिसमें स्वास्थ्य परीक्षण हेतु चिकित्साधिकारी डा0 आयुष भदौरा, चीफ फार्मासिस्ट सामर्थ कुमार, लैब टैक्नीशियन नीरज दुबे व अंकित कौशिक, सहयोगी राहुल सहित मौके पर उपस्थित रहे, लगभग 50 मजदूरों का चिकित्सीय परीक्षण कर प्राथमिक परामर्श उपलब्ध कराया गया, उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड (श्रम विभाग) द्वारा निर्माण श्रमिकों के हितार्थ संचालित योजनाओं व असंगठित कर्मकार सामाजिक सुरक्षा बोर्ड द्वारा बनाये जा रहे ई-श्रम कार्ड व प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन पेंशन योजना एवं राष्ट्रीय पेंशन योजना ट्रेडर्स की जानकारी श्रमिकों को दी गयी।

मनीष कुमार प्रबंधक मेसर्स भारत एक्सप्लोसिव एवं जितेन्द्र निगम अपनी टीम सहित उपस्थित रहे। श्रम प्रवर्तन अधिकारी अनिल कुमार द्वारा जानकारी दी गयी कि सेवा संकल्प अभियान के अन्तर्गत 17 सितम्बर से 17 अक्टूबर तक एक विशेष अभियान चलाया जा रहा है जिसमें निर्माण श्रमिकों के ऑनलाइन पंजीयन/ नवीनीकरण एवं संचालित योजनाओं की जानकारी श्रमिकों को दी जा रही है साथ ही असंगठित क्षेत्र के कामगारों को भी श्रम अधिनियम हेतु जागरूक किया जा रहा है। सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड के प्रदीप कुमार, राम प्रताप सिंह, कुलदीप गुप्ता, शोभाराम भी उपस्थित रहे ।

शांति साहू की द्वितीय पुण्यतिथि पर देहदान-अंगदान का संदेश दिया

139 देहदान व 98 अंगदान संकल्प पत्र मानव सेवा में योगदान पर सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



शान्ति देहदान चैरिटेबल ट्रस्ट एवं स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार को मेडिकल कॉलेज भवन स्थित एलटी-5 में बोधिसत्व शान्ति साहू की द्वितीय पुण्यतिथि एवं ट्रस्ट के स्थापना दिवस समारोह का आयोजन किया गया। देहदान, अंगदान एवं रक्तदान के माध्यम से मानव जीवन बचाने का संदेश दिया गया।

शान्ति साहू के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। ट्रस्ट संस्थापक खुशाल चन्द्र साहू ने कहा कि शान्ति साहू का देहदान और अंगदान मानव सेवा की ऐसी विरासत है, जिसे जन- जागरूकता के माध्यम से आगे बढ़ाना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। ट्रस्ट का प्रयास देहदान, अंगदान और रक्तदान को समाज की जीवनरक्षक जनसेवा का हिस्सा बनाना है। समारोह में ट्रस्ट की स्थापना के बाद अब तक किए गए कार्यों एवं उपलब्धियों की जानकारी दी गई। बताया गया कि वर्ष 2025 से अब तक 139 देहदान संकल्प पत्र तथा 98 अंगदान संकल्प तथा 400 यूनिट से अधिक रक्त एकत्र किया जा चुका है। इसके अलावा जरूरतमंद मरीजों को रक्त सहायता करने, नेत्र उपचार, स्वास्थ्य परीक्षण और देहदान-अंगदान के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने के लिए विभिन्न गतिविधियां संचालित की गईं। अध्यक्षता कर रहे डा.पवन सूद ने उपस्थित लोगों तथा अंगदान का संकल्प लेने वाले लोगों को देहदान, अंगदान एवं मानव कल्याण की शपथ दिलाई। उन्होंने देहदान, अंगदान एवं रक्तदान को मानव जीवन की रक्षा से जुड़ा महत्वपूर्ण सामाजिक दायित्व बताया और अधिक से अधिक लोगों से इस दिशा में आगे आने का आह्वान किया। समारोह के दौरान मानव सेवा एवं जीवन रक्षा के क्षेत्र में योगदान देने वाले लोगों को प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। वहीं नाटो के माध्यम से अंगदान का संकल्प लेने वाले संकल्पकर्ताओं को प्रमाण-पत्र भी प्रदान किए गए। वक्ताओं ने कहा कि अंगदान के प्रति जागरूकता बढ़ाकर अनेक जरूरतमंद लोगों को नया जीवन दिया जा सकता है। विभागाध्यक्ष एनाटॉमी डा.श्रुति सिंह, डा.मोनिका जायसवाल, प्रो.डा. देश निधि, डा.प्रिया जैन तथा मैनेजर नंदलाल यादव सहित मेडिकल कॉलेज के चिकित्सक एवं अधिकारी मौजूद रहे। वरिष्ठ उपाध्यक्ष अनिल साहू, उपाध्यक्ष अंकुर जैन सानू बाबा एवं महेश कुशवाहा, महामंत्री राजपाल सिंह, काउंसलर डा.केएस यादव, मंत्री रामस्वरूप पटेल, कोषाध्यक्ष सुषमा साध, जिला पंचायत सदस्य धनंजय यादव, अखिलेश साहू, आदर्श साध एवं सतीश चंद्र जैन, ट्रस्ट मीडिया से अमित लखेरा एवं देवेन्द्र साहू सहित ट्रस्ट पदाधिकारी और देहदान- अंगदान संकल्पकर्ता उपस्थित रहे।

स्वास्थ्य महकमे की सुस्ती और लचर निगरानी का फायदा उठा रहे झोलाछाप

बिना किसी वैध डिग्री के मेडिकल स्टोरों की आड़ में मरीजों की जिंदगी से कर रहे खिलवाड़



हरिभूमि न्यूज ⏭ब्यावरा



बाहर मेडिकल, अंदर अवैध क्लीनिक

शहर में बड़ा ही खतरनाक खेल चल रहा है। बाहर से देखोगे तो सिर्फ एक साधारण मेडिकल स्टोर नजर आता है लेकिन पर्दे के पीछे की सच्चाई रोंगटे खड़े कर देने वाली है। मेडिकल स्टोर के पिछले हिस्से में बाकायदा स्ट्रेचर बेड और ग्लूकोज की बोतलें टांगने के इंतजाम किए गए हैं। मेडिकल लाइसेंस की आड़ में अंदर पूरा का पूरा अवैध क्लीनिक संचालित हो रहा है जहां दवा बेचने की जगह धड़ल्ले से मरीजों को भर्ती कर इलाज का नाटक रचा जा रहा है।

इनका कहना है

सभी मेडिकल क्लिनिकों की हम जांच करेंगे। अगर कोई मेडिकल के अंदर क्लिनिक चला रहे हैं और जितने भी अवैध क्लिनिक चल रहे हैं सभी पर ठोस कार्यवाही करेंगे।

सैफ जलाल उदीन, सीबीएमओ ब्यावरा

राजगढ़ जिले में लंबे समय से स्वास्थ्य विभाग में बैठे भ्रष्ट अधिकारियों के कारण झोलाछाप डॉक्टरों ने तांडव मचा रखा है। झोलाछाप डॉक्टरों द्वारा जिले की भोलीभाली जनता का नकली दवाई इंजेक्शन के माध्यम से इलाज किया जा रहा है। जिसके चलते मरीजों को स्वास्थ्य शरीर की जगह और अधिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। जहां मरीज अपना इलाज करवा कर अपनी काया को सही करवाने के लिए पहुंचता है, वहीं उसकी हालात आगे चलकर खराब हो जाती हैं। ऐसे लोगों पर आज तक लंबे समय से विभाग द्वारा कोई सख्ती नहीं दिखाई गई है।

ऐसा ही मामला ब्यावरा शहर में सहित जिलेभर में स्वास्थ्य महकमे की सुस्ती और लचर निगरानी का फायदा उठाकर झोलाछाप डॉक्टरों और फर्जी क्लीनिकों का कारोबार पंख पसार चुका है। आलम यह है कि बिना किसी वैध डिग्री के गली-कूचों और मेडिकल स्टोरों की आड़ में डॉक्टर बने ये मौत के सौदागर रोजाना सैकड़ों बेबस मरीजों की जिंदगी से सरेआम खिलवाड़ कर रहे हैं। क्लीनिक के अंदर एमबीबीएस डॉक्टर जैसे गले में आला और कुर्सी लगा कर बैठे रहते हैं। शहर की गलियों में कदम रखते ही आपको जगह-जगह ऐसे सुरमा मिल जाएंगे जो गले में आला टांगकर खुद को किसी बड़े एमबीबीएस डॉक्टर से कम नहीं समझते। बिना किसी मेडिकल योग्यता या डिग्री के ये झोलाछाप डॉक्टर न सिर्फ गंभीर बीमारियों का इलाज करने का दावा ठोक रहे हैं बल्कि धड़ल्ले से हैवी दवाइयां लिख रहे हैं।

एक ही सीरीज से कई मरीजों को लगा रहे इंजेक्शन, मंडरा रहा बीमारियों का खतरा

संक्रमण और स्वच्छता के नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए ये नीम-हकीम एक ही सुई से 3 से 4 मरीजों को बेधड़क इंजेक्शन ठोक रहे हैं। री-यूज की जा रही सिरिंज से एचआईवी जैसी जानलेवा बीमारियों के फैलने का भयानक खतरा बना हुआ है। चंद रुपयों के लालच में मरीजों की नसों में सीधे जहर घोला जा रहा है।

स्वास्थ्य विभाग क्यों साधे है चुप्पी?

इतने बड़े पैमाने पर चल रहे इस फर्जीवाड़े के बावजूद स्थानीय स्वास्थ्य विभाग कोई कार्रवाई नहीं कर रहा है। समय-समय पर विभागीय कार्रवाई महज कागजी खानापूर्ति और दिखावे तक सीमित रह जाती है। कोई ठोस और कड़ी कार्रवाई न होने के कारण इन झोलाछाप डॉक्टरों के हौसले इतने बुलंद हैं कि इन्हें कानून का जरा भी खौफ नहीं रहा। अब देखना यह होगा कि इस खबर के बाद बेखबर बैठा स्वास्थ्य प्रशासन जागता है या फिर ब्यावरा की जनता यूं ही इन झोलाछापों के भरोसे अपनी जान जोखिम में डालने को मजबूर रहेगी!

मंडी में फसल का उचित भाव नहीं मिलने पर किसानों ने पचोर-जीरापुर हाईवे पर लगाया जाम

सोयाबीन का उचित दाम नहीं मिलने किया हंगामा

हरिभूमि न्यूज ⏭खुजनेर



स्थानीय कृषि उपज मंडी में मंगलवार शाम सोयाबीन की उपज के उचित दाम नहीं मिलने से नाराज किसानों ने हंगामा कर दिया। देखते ही देखते किसानों ने पचोर-जीरापुर स्टेट हाईवे पर जाम लगा दिया, जिससे सड़क के दोनों ओर वाहनों की कतार लग गई। किसानों का आरोप है कि सोयाबीन की फसल अच्छी होने के बावजूद व्यापारी उनकी उपज उचित भाव पर नहीं खरीद रहे हैं। किसानों का कहना है कि व्यापारी अपनी मनमर्जी से फसल के दाम तय कर रहे हैं, जिससे उन्हें उपज का सही मूल्य नहीं मिल पा रहा है।

किसानों ने मंडी में भोजन, पानी सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं की कमी को लेकर भी नाराजगी जताई। उनका कहना था कि किसानों को अपनी उपज बेचने के लिए परेशान होना पड़ रहा है। हंगामे और हाईवे जाम की सूचना मिलने पर लीमाचौहान और छापीहेड़ा थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने किसानों से चर्चा कर समझाइश दी, जिसके बाद दो घंटे से अधिक समय तक चला हंगामा शांत हुआ और यातायात व्यवस्था बहाल कराई गई। किसानों ने सोयाबीन की उपज का उचित मूल्य दिलाने और मंडी में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग की है।

इनका कहना है...

किसानों द्वारा जाम लगाया था मौके पर पहुंच जाम खुलवाया। भाव को लेकर किसानों को संतुष्ट किया है।

उमाशंकर मुकाती, थाना प्रभारी छापीहेड़ा

सफाई व्यवस्था को लेकर नपाध्यक्ष ने की आमजन से अपील

मंदसौर। नपाध्यक्ष रमादेवी बंशीलाल गुर्जर ने कहा कि विगत दिनों से शहर में चल रही सफाई मित्रों की हड़ताल के कारण नगर की स्वच्छता व्यवस्था प्रभावित हुई है। हमें जानकारी है कि कई स्थानों एवं सार्वजनिक स्थलों पर नियमित रूप से कचरा संग्रहण नहीं हो पा रहा है, जिसके लिए हमें खेद है। सफाई कामगारों के वरिष्ठ प्रतिनिधिमंडल से चर्चा कर उनकी शासन स्तर से संबंधित मांगों को शासन तक पहुंचा दिया गया है। साथ ही उनसे आग्रह किया गया है कि वे हड़ताल समाप्त कर पुनः अपने कार्य पर लौटें, ताकि शहर की सफाई व्यवस्था जल्द से जल्द सुचारु हो सके। मैं जनता से भी निवेदन करती हूं कि घरों एवं दुकानों से निकलने वाला कचरा इधर-उधर न डालें।

बीजासन माता मंदिर समिति ने नवरात्रि पर्व उल्लास से मनाने के लिए बैठक का किया आयोजन



जीरापुर। स्थानीय मेडतवाल समाज धर्मशाला में बीजासन माता मंदिर समिति द्वारा नवरात्रि उत्सव को हर्ष उल्लास से मनाने लिए बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी बीजासन माता मंदिर पर नौ दिवसीय नवरात्रा महोत्सव उत्सव उल्लास एवं धार्मिक आस्था श्रद्धा भाव से मनाने सहित सहयोग राशि पर चर्चा की गई। इस दौरान सभी ने आर्थिक रूप से सहयोग राशि भेंट की। आयोजन की तैयारियों एवं आवश्यक व्यवस्थाओं के संबंध में उपस्थित गणमान्य जनों ने अपने अपने विचार रखे। जहां पर सर्वप्रथम बीजासन माता के चित्र पर माल्यार्पण पुजा अर्चना करके आरती बीजासन माता मंदिर के सेवादार ओमप्रकाश पांचाल एवं अन्य वरिष्ठ जनों ने उतारी तद उपरांत बैठक कि कार्यवाही शुरू की गई। संचालन सेवानिवृत्त शिक्षक मोहनलाल पुष्पद ने करते हुए नवरात्रा महोत्सव सौहार्द से मनाने की बात रखी। समिति सदस्य संजय गुप्ता हार्ड वेयर ने समिति द्वारा होने वाले आयोजन की रूपरेखा एवं आर्थिक सहयोग देने वाले सहयोगियों का धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

निरीक्षण में मंत्री टेटवाल ने परखी अस्पताल की स्वास्थ्य व्यवस्थाएं

डायलिसिस यूनिट में मरीजों से किया संवाद, पैथोलॉजी मशीनों का लिया जायजा, अधिकारियों को दिए निर्देश



हरिभूमि न्यूज ⏭सारंगपुर

मंत्री डॉ. गौतम टेटवाल ने मंगलवार को सारंगपुर सिविल चिकित्सालय का औचक निरीक्षण कर अस्पताल में उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। अचानक अस्पताल पहुंचे मंत्री ने विभिन्न विभागों का निरीक्षण करते हुए मरीजों को मिल रही चिकित्सा सुविधाओं की जानकारी ली और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

मंत्री टेटवाल ने पैथोलॉजी विभाग पहुंचकर वहां संचालित मशीनों और जांच व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। उन्होंने जांच प्रक्रिया, उपलब्ध संसाधनों और मरीजों को मिल रही सुविधाओं की जानकारी ली। इसके बाद डायलिसिस यूनिट का निरीक्षण किया। यहां उपचाररत मरीजों से संवाद कर उनके स्वास्थ्य और उपचार व्यवस्था के बारे में जानकारी ली। उन्होंने मरीजों को अस्पताल में उपलब्ध सुविधाओं को लेकर भी जानकारी प्राप्त की।

निरीक्षण के दौरान मंत्री दीनदयाल रसोई पहुंचे, जहां उन्होंने जरूरतमंदों को वितरित किए जा रहे भोजन की गुणवत्ता और स्वच्छता की जांच की। उन्होंने स्वयं भी भोजन कर व्यवस्था का जायजा लिया। मंत्री ने भोजन की गुणवत्ता बनाए रखने के साथ रसोई में स्वच्छता का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। इसके अलावा मंत्री टेटवाल ने अस्पताल में आयोजित नेत्र शिविर का निरीक्षण किया और जरूरतमंद मरीजों को चश्मे वितरित किए। उन्होंने कहा कि स्वस्थ समाज और बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं प्रत्येक नागरिक का अधिकार हैं। सरकार स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक सुलभ, गुणवत्तापूर्ण और संवेदनशील बनाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। इस दौरान वरिष्ठ भाजपा नेता निर्मल जैन, मंडल अध्यक्ष महेश पुष्पद, रोगी कल्याण समिति सदस्य सुधीर श्रीमाल, भाजपा महामंत्री कमल राठौर सहित अस्पताल स्टाफ और आमजन मौजूद रहे।

प्रत्येक श्रावक-श्राविका को जीवन में दूसरे की निंदा करने की प्रवृत्ति का त्याग करना ही चाहिए : मुनिश्री

मंदसौर। जीवागंज स्थित राजेन्द्र विलास में जैन संत प्रत्यक्ष रत्नविजय म. सा. धर्मबिन्दु ग्रंथ का वाचन कर रहे हैं व इस शास्त्र का वाचन करते हुए शास्त्र में बताई गई ज्ञानवर्धक वचनों का भावार्थ भी बता रहे हैं। बुधवार को उन्होंने व्यवहार धर्म बताते हुए कहा कि प्रत्येक श्रावक-श्राविका को जीवन में दूसरे की निंदा करने की प्रवृत्ति का त्याग करना ही चाहिये, जहां भी दूसरे की निंदा हो रही हो वहां रुकना नहीं चाहिये। उन्होंने कहा कि जिस देश अर्थात क्षेत्र में रह रहे हो उस क्षेत्र के राजा अर्थात जनप्रतिनिधि की आलोचना या निंदा नहीं करना चाहिये। श्री संघ की निंदा की प्रवृत्ति भी नहीं रखना चाहिये। हम कई बार दूसरे की निंदा होते देख स्वयं भी निंदा करने में शामिल हो जाते हैं इससे हमें बचना चाहिये। आपने यह भी कहा कि बोलने के पहले विचार करो बोलने के बाद पछताना पड़े ऐसा मत बोलो क्योंकि शब्द का घाव तीर से भी ज्यादा होता है। शब्दों से जो दूसरे के हृदय में चोट लगती है उसका विचार करना चाहिये। शब्द बोलने के बाद कभी वापस नहीं आते इसलिये सोच विचार कर बोले। मुनिश्री ने कहा कि जो भी लोग असदाचारी अर्थात दुष्ट प्रवृत्ति के हैं उनका सत्संग नहीं करना चाहिये अर्थात उनके साथ नहीं रहना चाहिये। जीवन में सदैव प्रभावशाली व्यक्ति जो अच्छे विचारों के हों जिनका समाज में सम्मान हो ऐसे व्यक्तियों की संगति करना चाहिये जो सद्पुरूष हैं अर्थात उत्तम विचारों के हैं उनके साथ रहने से जीवन में ज्ञान बढ़ता है इसलिये ऐसे व्यक्तियों की संगति करें। धर्मसभा में बड़ी संख्या में श्रावक-श्राविकाएं उपस्थित थे।

दशहरा पर्व को लेकर नपा ने शुरू की तैयारियां सीएमओ ने दोनों मैदानों का किया निरीक्षण



सारंगपुर। आगामी 20 अक्टूबर को मनाए जाने वाले विजयादशमी पर्व को लेकर नगर पालिका परिषद सारंगपुर ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। इसी क्रम में मुख्य नगर पालिका अधिकारी दीपक रानवे ने नवीन बस स्टैंड के समीप स्थित दशहरा मैदान एवं पुराने दशहरा मैदान का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान सीएमओ ने रावण दहन स्थल, दर्शकों के बैठने की व्यवस्था तथा आवागमन के मार्गों का जायजा लिया। उन्होंने दशहरा मार्गों के समतलीकरण (रोड लेवलिंग) का कार्य जल्द पूरा करने के निर्देश दिए, ताकि पर्व के दौरान आने वाले हजारों नागरिकों को आवागमन में परेशानी न हो। सुरक्षा की दृष्टि से आवश्यक स्थानों पर बैरिकेडिंग करने तथा रावण दहन स्थल एवं आसपास के क्षेत्रों में विशेष सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए। निरीक्षण के दौरान सफाई कार्य भी करवाया गया। सीएमओ रानवे ने प्रभारी स्वच्छता निरीक्षक सतीश कंडारे को सभी व्यवस्थाएं निर्धारित समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रकाश व्यवस्था, पेयजल और अग्निशमन व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने को कहा। रावण दहन स्थल और आसपास के मार्गों पर पर्याप्त रोशनी, श्रद्धालुओं के लिए पेयजल पॉइंट एवं टैंकर तथा फायर ब्रिगेड और सुरक्षा कर्मियों की तैनाती सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। नगर पालिका अधिकारियों ने बताया कि दशहरा पर्व से पहले सभी आवश्यक व्यवस्थाएं पूर्ण कर ली जाएंगी, ताकि सारंगपुर में दशहरा पर्व हर्षोल्लास, भव्यता और सुरक्षित माहौल में संपन्न हो सके। निरीक्षण के दौरान प्रभारी स्वच्छता निरीक्षक सतीश कंडारे, जितेंद्र भैरवे, मनीष गिरजे सहित नगर पालिका के कर्मचारी मौजूद रहे।

पोषण व स्वास्थ्य विषय पर जागरुकता व्याख्यान का किया गया आयोजन

मंदसौर। शासकीय कन्या महाविद्यालय मंदसौर के प्राचार्य डॉक्टर सुधीर रायजादा ने बताया कि सेवा संकल्प अभियान अंतर्गत पोषण एवं स्वास्थ्य विषय पर जागरूकता व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में असिस्टेंट प्रोफेसर सूरज वर्मा द्वारा विद्यार्थियों को पोषण, संतुलित आहार एवं स्वस्थ जीवनशैली के संबंध में जानकारी प्रदान की गई। व्याख्यान के दौरान सूरज वर्मा ने विद्यार्थियों को संतुलित एवं पौष्टिक आहार के महत्व से अवगत कराते हुए बताया कि बेहतर स्वास्थ्य के लिए भोजन में आवश्यक पोषक तत्वों का उचित संतुलन होना आवश्यक है। उन्होंने जंक फूड एवं अत्यधिक तैलीय तथा अस्वास्थ्यकर खाद्य पदार्थों के सेवन से बचने, पर्याप्त मात्रा में पानी पीने और नियमित शारीरिक गतिविधियों को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने पर जोर दियाउन्होंने कहा कि स्वस्थ शरीर और स्वस्थ मन ही एक सफल एवं सक्रिय जीवन की आधारशिला हैं। विद्यार्थियों को अपनी दिनचर्या में पौष्टिक आहार, पर्याप्त नींद, व्यक्तिगत स्वच्छता एवं नियमित व्यायाम को शामिल करने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में पोषण एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता विकसित करना तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना रहा।

कंप्यूटर ऑपरेटर ने शराब के नशे में अस्पताल के स्टाफ के साथ की अभद्रता, मामला दर्ज



जीरापुर। नगर के सिविल अस्पताल में सोमवार रात लगभग 8 बजे उस समय हंगामा हो गया, जब ओपीडी पर्ची बनाने का कार्य कर रहे कंप्यूटर ऑपरेटर पर शराब के नशे में मरीज एवं अस्पताल कर्मचारी से अभद्रता की। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक कार्तिक इंटरप्राइजेज के कंप्यूटर ऑपरेटर जितेंद्र मेहरा निवासी पिपलिया कुलमी ने सिविल अस्पताल में शराब के नशे में हंगामा किया और कथित रूप से अस्पताल के कैमरे बंद कर दिए तथा ओपीडी पर्ची कक्ष का गेट अंदर से बंद कर दिया। बताया गया कि इस दौरान ऑपरेटर ने अस्पताल के स्टाफ के साथ अभद्रता की। इसी बीच एक इमरजेंसी मरीज अस्पताल पहुंचा, लेकिन ओपीडी पर्ची बनाने से इनकार किए जाने के कारण मरीज का ऑफलाइन पर्चा बनाकर रेफर करना पड़ा।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस को बुलाया

ब्लॉक मेडिकल अधिकारी डॉ. सुनील चौरसिया ने बताया कि कंप्यूटर ऑपरेटर द्वारा वार्डबॉय राकेश प्रजापति के साथ भी अभद्रता की गई है। इमरजेंसी मरीज की ओपीडी पर्ची बनाने से मना किया तथा ओपीडी कक्ष के गेट अंदर से बंद किए। इसकी जानकारी पुलिस प्रशासन को दी गई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और कंप्यूटर ऑपरेटर को थाने ले गई। मामले में पुलिस द्वारा धारा 151 में अपराध दर्ज किया। अस्पताल प्रबंधन ने घटना को गंभीरता से लेते हुए इस घटना की निंदा की।

अतिरिक्त कक्षाओं के निर्माण का विधायक ने किया निरीक्षण

ठेकेदार को दिए निर्देश, कार्य की गुणवत्ता मापदंड के अनुसार हो



हरिभूमि न्यूज ⏭कुरावर

मंगलवार को शासकीय कार्यक्रम एवं बैठक में शामिल होने पहुंचे क्षेत्रीय विधायक मोहन शर्मा ने दोपहर करीब 2 बजे शासकीय हायर सेकंडरी स्कूल परिसर में निर्माणाधीन अतिरिक्त कक्षाओं का औचक निरीक्षण किया। विधायक ने निर्माण कार्य की गुणवत्ता और प्रगति का जायजा लेते हुए मौके पर मौजूद ठेकेदार मंगल पटेल को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। विद्यालय परिसर में पर्यटन विकास निगम को निर्माण एजेंसी के माध्यम से करीब 4 करोड़ 54 लाख 84 हजार रुपए की लागत से 16 अतिरिक्त कक्षाओं का निर्माण कराया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान विधायक शर्मा ने कहा कि इन कक्षाओं में क्षेत्र के छात्र-छात्राएं अध्ययन करेंगे, इसलिए निर्माण कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। उन्होंने निर्देश दिए कि कक्षाओं का निर्माण शासन द्वारा निर्धारित मापदंड के अनुसार ही किया जाए तथा लंबाई-चैड़ाई में किसी तरह का अंतर नहीं होना चाहिए।

विधायक ने निर्माण में उपयोग की जा रही सामग्री का भी निरीक्षण किया। उन्होंने गुणवत्ता को लेकर नाराजगी जताते हुए ठेकेदार को निर्माण सामग्री में नर्मदा सीमेंट का उपयोग करने तथा फिनिशिंग का कार्य बेहतर तरीके से करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि भवन की लाइन एवं फिनिशिंग स्पष्ट और गुणवत्तापूर्ण होनी चाहिए। निरीक्षण के दौरान भवन में एक सीढ़ी बनाए जाने की जानकारी मिलने पर विधायक ने आगे की ओर भी सीढ़ी का निर्माण कराने के निर्देश दिए, ताकि विद्यार्थियों को आवागमन में सुविधा रहे।

छोटे किसानों को मिले नकद भुगतान, गुरुवार को भी हो मंडी में उपज की खरीदी

किसानों के भुगतान को लेकर मंडी पहुंचे विधायक-एसडीएम



हरिभूमि न्यूज ⏭कुरावर

कृषि उपज के नगद भुगतान की मांग को लेकर सोमवार को मंडी में किसानों के हंगामे और नीलामी बंद होने के बाद मंगलवार को विधायक मोहन शर्मा एवं एसडीएम अभय प्रताप सिंह पटेल मंडी कार्यालय पहुंचे। यहां विधायक ने किसान, व्यापारी और विभिन्न बैंकों के प्रतिनिधियों की बैठक लेकर भुगतान व्यवस्था से जुड़ी समस्याओं को सुना और समाधान के निर्देश दिए।

दरअसल, सोमवार सुबह करीब 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक किसानों ने कृषि उपज के नगद भुगतान की मांग को लेकर मंडी में नीलामी बंद कर दी थी। किसानों का आरोप था कि व्यापारी उपज खरीदने के बाद आरटीजीएस के माध्यम से उनके बैंक खातों में भुगतान करते हैं, जिसमें करीब आठ दिन तक का समय लग रहा है। इससे किसानों को तत्काल आर्थिक जरूरतों के लिए परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मामले को गंभीरता से लेते हुए मंगलवार दोपहर करीब 1 बजे विधायक मोहन शर्मा और एसडीएम अभय प्रताप सिंह पटेल मंडी कार्यालय पहुंचे। बैठक में भारतीय स्टेट बैंक, बैंक ऑफ इंडिया, नर्मदा मालवा, एचडीएफसी और आईडीएफसी बैंक के प्रतिनिधियों के साथ किसान और व्यापारी मौजूद रहे। सभी पक्षों की समस्याएं बारी-बारी से सुनी गईं।

बैंकों ने बताई नकदी की समस्या

बैठक में बैंक प्रतिनिधियों ने बताया कि बैंकों में नगद राशि निकालने वाले ग्राहकों की संख्या अधिक है, जबकि नगद जमा कराने वाले अपेक्षाकृत कम हैं। साथ ही हेड ब्रांच से करीब 80 से 90 लाख रुपए की नगद लिमिट मिलती है, वह राशि भी कई बार दो से तीन दिन में उपलब्ध होती है। इसके चलते व्यापारियों को किसानों को तत्काल नगद भुगतान करने में परेशानी आती है। इस पर विधायक मोहन शर्मा ने जिला कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा से दूरभाष पर चर्चा कर बैंकों को पर्याप्त नगद उपलब्ध कराने की व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए कहा। विधायक ने कहा कि किसानों को उनकी उपज का भुगतान समय पर मिले, इसके लिए सभी संबंधित विभाग और बैंक समन्वय से काम करें। इस अवसर पर किसान मोर्चा जिला उपाध्यक्ष मनफूल सिंह बना, भाजपा मंडल अध्यक्ष दिनेश मंडलोई, नगर परिशद सांसद प्रतिनिधि बाला प्रसाद चंद्रवंषी, वरिश्ठ भाजपा नेता घनष्याम गर्ग, महामंत्री लखन राजपूत, पार्शद प्रतिनिधि दिलीप बना, मोहन वर्मा, पार्शद बद्रीलाल कुशवाहा, एल्डरमैन कल्लू मीना, संजय नागर, भूपेंद्र सिंह भदौरिया, राकेष मीना सहित अनाज व्यापारी संघ अध्यक्ष पवन अग्रवाल, राकेष माहेष्वरी, दीपक अग्रवाल, षैलू जिंदल, गौरव सिंघी, कृश्ण मोहन गोयल, सुरेष गोयल, अंकित अग्रवाल, शाहिद सहित बड़ी संख्या में किसान एवं बैंक मैनेजर मौजूद रहे।